हरिभूमि
# रायपुर भूमि



रायपुरा हास्पिटल के पास सड़क दोनों तरफ से पैक

# पुन्नी मेला में सैलाब, भीड़ ऐसी कि पैदल चलना भी हुआ मुश्किल





- बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं परिवार के साथ पहुंचीं मेला स्थल
- सुबह से लेकर देर शाम तक रौनक, उत्सवी माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

खारुन नदी के महादेवघाट पर कार्तिक पूर्णिमा के दिन पुण्य स्नान करने और पुन्नी मेला का आनंद उठाने लोग उमड़ पड़े। भीड़ इतनी रही कि रायपुरा ब्रिज से महादेवघाट तक गाड़ियों की लंबी लाइन से जाम लगा रहा। इसके बाद भी लोगों में पुन्नी मेला को लेकर गजब का उत्साह देखने को मिला। कहीं-कहीं पर परिवार के साथ बच्चे को गोद में उठा कर मां मेले में जाते दिखी, तो कहीं पर मां-बाप के हाथ पकड़कर रास्ता पार करते बच्चे नजर आए। गाड़ियों की रेलमपेल के बीच कुछ लोग ऐसे भी रहे, जिन्होंने जाम में फंसने की जगह डिवाइडर पर चलकर गंतव्य तक पहुंचने शार्टकट रास्ता अपनाया। रायपुरा हास्पिटल के सामने वाली सड़क इस बीच दोनों तरफ से पैक रही। ऐतिहासिक एवं धार्मिक पुन्नी मेला में शामिल होने लोग परिवार के साथ पैदल, दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया की सवारी कर मेला स्थल पहुंचे। यह सिलसिला तीन दिनों तक ▶▶|शेष पेज 13 पर

### मनोरंजन का पूरा इंतजाम, स्टायलिश झूला, रहचुली, ढेलवा से लेकर मीनाबाजार भी

*कार्तिक पुन्नी मेला में बच्चों, बड़ों के मनोरंजन का पूरा इंतजाम देखने को मिला। यहां तरह-तरह के पारंपरिक झूले, आधुनिक स्टायलिश झूले लगाने वाले भी पहुंचे हैं। झूला झूलने लोगों की भीड़ देखी गई। वहीं मीनाबाजार, जादू के करतब दिखाने वाले, सिनेमा, सर्कस वाले, तरह-तरह के गेम खिलाने वाले तंबू में भी रौनक रही। झूला संचालकों ने बताया कि प्रति वर्ष वे पुन्नी मेला में झूला लेकर पहुंचते हैं। पहले मेला स्थल काफी बड़ा हुआ करता था, अब सामाजिक भवन के खाली मैदान किराये पर लेकर झूला लगाते हैं।*

## खबर संक्षेप

### नरेन्द्राचार्य महाराज का 8 को प्रवचन



**रायपुर।** जगद्गुरु स्वामी नरेन्द्राचार्य का एक दिवसीय प्रवचन, दर्शन एवं समस्या मार्गदर्शन का कार्यक्रम 8 नवम्बर को दही हांडी मैदान, गुढ़ियारी में आयोजित होगा। इसे रामानन्द संप्रदाय भक्त सेवा मंडल छग द्वारा आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में आयोजक समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम सुबह 9 से शाम 6 बजे तक होगा। इसके लिए पर्ची सुबह 7 से 8 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

### 150 पौवा शराब के साथ महिला गिरफ्तार



**रायपुर।** उरला थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक महिला शराब कोचिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 हजार रुपए कीमत की 150 पौवा देशी शोले शराब जब्त की है। पुलिस ने भारती ध्रुव को अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। महिला उरला बीएसयूपी कालोनी से ट्रक ड्राइवरों के साथ अन्य लोगों को ब्लैक में शराब बेच रही थी।

### सूने मकान से 20 हजार की चोरी

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके सूने मकान से आलमारी खोल कर 20 हजार रुपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। वल्लभ नगर निवासी खिलेंद्र सिंह राजपूत ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। खिलेंद्र ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर उसके सूने मकान में प्रवेश कर अलमारी खोलकर रुपए चोरी कर ले गया।

### घूरकर देखने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ घूरकर देखने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजातालाब निवासी चंद्रशेखर धनगर ने दिनेश चौधरी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। चंद्रशेखर ने पुलिस को बताया है कि दिनेश ने उस पर घूरकर देखने का आरोप लगाते हुए मारपीट की।

### गाली-गलौज करने से मना करने पर महिला के साथ मारपीट



**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक महिला ने एक युवक के खिलाफ गाली-गलौज करने से मना करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कटोरा तालाब, सूर्या अपार्टमेंट निवासी निर्मला सैनी ने चेतन साहू के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि चेतन शराब के नशे में धुत्त होकर गाली-गलौज कर रहा था। मना करने पर चेतन ने महिला के साथ मारपीट की।

### सोलर पैनल सिस्टम के वजन से कलेक्टोरेट के रूम नंबर-8 की गिरी थी छत

# दीवारें पूरी तरह जर्जर फिर भी टिन-लोहे की बना दी छत, ऑफिस भी दोबारा यहीं शिफ्ट करने की तैयारी



खस्ताहाल बिल्डिंग की छत पर सोलर पैनल पड़ा भारी, मेंटेनेंस भी नहीं, इसलिए धड़ाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

कलेक्टोरेट भवन के कमरा नंबर 8 की गिरी छत को दोबारा बना दिया गया है। अंग्रेजों के जमाने में बने भवन के कमरे की छत लकड़ी एवं चूना मिट्टी से बनी हुई थी। इसकी जगह अब टिन एवं लोहे के शेड से छत बनाई गई है। बताया जा रहा है कि यह छत टेंपरेरी रूप से बनाई गई है, क्योंकि जल्द ही कलेक्टोरेट में पांच मंजिल कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू होना है। हालांकि इस कमरे की दीवारें पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं, जिनकी मरम्मत तक नहीं कराई गई है। इधर दूसरी ओर छत गिरने के बाद यहां से शिफ्ट किए गए राजस्व विभाग के कर्मचारियों को दोबारा इसी कमरे में शिफ्ट किए जाने की तैयारी चल रही है। इसे लेकर कर्मचारियों में भय भी देखा जा रहा है, क्योंकि छत की तरह जर्जर दीवार के गिरने की संभावना अभी भी बनी हुई है।

### रिकॉर्ड रूम, अधीक्षक सहित अन्य कई कमरों की छत एवं दीवारें भी हो चुकीं जर्जर

कलेक्टोरेट के रिकॉर्ड रूम, अधीक्षक रूम के अलावा 10 एवं 11 नंबर के रूम की दीवारें एवं छत भी पूरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं। इन सभी रूम के हॉल की दीवारों से लेकर छत में सीपेज आ रहा है, कई दीवारों पर बड़ी दरारें भी पड़ चुकी हैं। इन दीवारों को देखने से लगता है कि यह कभी भी गिर सकती हैं।

### 9 नंबर कमरे की छत भी टेंपरेरी रूप से शेड में बदलेगी

कमरा नंबर 8 की तरह 9 नंबर के कमरे के हॉल में बैठने वाले कर्मचारियों को अस्थाई रूप से दूसरी जगह पर शिफ्ट किया गया है। इस कमरे की छत भी कभी भी गिर सकती है। इसे देखते हुए इस कमरे की छत को भी टेंपरेरी रूप से टिन-लोहे के शेड की छत में बदला जाएगा। छत बदलने के बाद इस हॉल के कर्मचारियों को भी दोबारा यहां शिफ्ट किया जा सकता है।

### सुरक्षा की दृष्टि से इन कमरों में लगने वाले दफ्तरों को शिफ्ट करने की जरूरत

इन कमरों की स्थिति को देखकर यहां बैठने वाले अधिकारी-कर्मचारियों सहित आम लोगों पर भी लगातार जान का खतरा मंडरा रहा है। इन सभी की सुरक्षा के मद्देनजर इन जर्जर कमरों में लगने वाले दफ्तरों को भी दूसरी जगह शिफ्ट या मरम्मत किया जाना आवश्यक है।

### तीन साल से स्वीकृत कंपोजिट बिल्डिंग का कार्य अटका हुआ

कलेक्टोरेट परिसर में 5 मंजिला कंपोजिट बिल्डिंग निर्माण का कार्य अटका हुआ है। इस नई बिल्डिंग के निर्माण कार्य को स्वीकृति कांग्रेस के शासनकाल में मिली थी। लगभग 30 करोड़ की लागत से बनने वाली इस बिल्डिंग के निर्माण कार्य को भाजपा शासनकाल में दोबारा स्वीकृति दी गई। यह स्वीकृति मिले भी दो साल से अधिक समय बीत गया है, लेकिन अब तक इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। वर्तमान में इस बिल्डिंग का निर्माण कार्य एसएसपी कार्यालय के शिफ्टिंग नहीं होने के कारण अटका हुआ है। इस बिल्डिंग का निर्माण एसएसपी भवन की जगह होना है, इसलिए एसएसपी कार्यालय के शिफ्ट होने का इंतजार किया जा रहा है।

# फाइटर प्लेन के एयर शो की खातिर यात्री विमानों ने रास्ता छोड़ा, तीन पहले और दो बाद में हुई संचालित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वायुसेना के फाइटर प्लेन के एयर शो के लिए स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से रवाना होने वाली फ्लाइट के संचालन समय में बदलाव किया गया। तीन फ्लाइट सुबह दस बजे के पहले संचालित हुई और दो विमान दोपहर बारह बजे के बाद रवाना हुए। इन फ्लाइट के री-शेड्यूल की प्रक्रिया गुरुवार को भी जारी रहेगी। एयर शो के दौरान नवा रायपुर के आसमान पर फाइटर प्लेन के अलावा दूसरे फ्लाइट के उड़ान की मनाही थी। नवा रायपुर का स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट सेंध जलाशय के दस किलोमीटर के दायरे में मौजूद है, इसलिए वहां सुरक्षा के मद्देनजर विमानों का संचालन शो अवधि यानी सुबह 10 से 12 बजे की बीच ▶▶|शेष पेज 13 पर

- इंदौर, हैदराबाद, भुवनेश्वर, बेंगलुरु, लखनऊ वाली फ्लाइट री-शेड्यूल, आज भी असर

### यात्रियों को भेजी गई थी सूचना

जिन विमानों के समय में बदलाव किया गया था, उनके यात्रियों को एसएमएस के माध्यम से विमानन कंपनी द्वारा जानकारी भेजी जा चुकी थी। इसीलिए यात्रियों को परेशानी नहीं उठानी पड़ी। भुवनेश्वर और लखनऊ को छोड़कर अन्य शहरों के लिए अतिरिक्त फ्लाइट का संचालन भी किया जाता है। इन फ्लाइट की टाइमिंग अलग होने की वजह से उन पर एयर शो का कोई अलग असर नहीं हुआ।

### दिल्ली की फ्लाइट रही लेट

नियमित रूप से आवाजाही करने वाली दिल्ली-रायपुर की कुछ फ्लाइट अपने निर्धारित समय से थोड़ी विलंब से पहुंची। दोपहर 12.15 वाली दोपहर 1.19 बजे, दोपहर 2.20 वाली 2.55, शाम 5.25 वाली फ्लाइट 6.56 और रात 9.20 की फ्लाइट 9.45 बजे रायपुर आई। मुंबई की शाम 5 बजे की फ्लाइट 6.00 बजे और हैदराबाद की दोपहर 12.30 बजे का विमान 12.30 बजे रायपुर पहुंचा।

# 33 आत्मानंद विद्यालयों में शिक्षकों के 100 से अधिक पदों पर भर्ती, गणित सहित विज्ञान, इंग्लिश के पद शामिल

- नवंबर में ही निकाला जाएगा विज्ञापन, आवेदन भी इसी माह होंगे प्रारंभ
- शिक्षकों के नौकरी छोड़े जाने के कारण रिक्त हुए हैं ये पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिले के स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर जल्द ही भर्ती की जाएगी। इन रिक्त पदों के लिए नवंबर माह में ही विज्ञापन जारी किए जाएंगे। सूत्रों के अनुसार, मौजूदा माह से ही आवेदन प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी जाएगी ताकि विद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन का कार्य बाधित ना हो। रायपुर जिले में स्वामी आत्मानंद विद्यालय योजना के अंतर्गत 36 शालाएं हैं। इनमें से 33 इंग्लिश माध्यम हैं, जबकि शेष 3 हिंदी माध्यम हैं। रिक्त पद इंग्लिश माध्यम विद्यालयों के हैं। इन स्कूलों को स्वामी आत्मानंद विद्यालय योजना में शामिल किए जाने के दौरान यहां संविदा भर्ती हुई थी। सत्र 2021-22 और 2022-23 में ये भर्तियां की गईं।

संविदा पदों पर नियुक्त हुए शिक्षकों ने अन्य जगह नियुक्ति होने, अपने गृहग्राम में ही पदस्थापना मिलने अथवा अन्य व्यक्तिगत कारणों से नौकरी छोड़ दी है। इसके बाद रायपुर के स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में शिक्षकों के 100 से अधिक पद रिक्त हो गए हैं। पद रिक्त रहने के कारण अध्ययन-अध्यापन संबंधित कार्य प्रभावित हो रहा है। परिणाम सुधारने इन पदों पर अब जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा नियुक्ति का निर्णय लिया गया है।



### खराब रहे हैं तिमाही के परिणाम

बीते माह हुई तिमाही परीक्षा के परिणाम विशेष अच्छे नहीं रहे हैं। जिले में आधे से अधिक छात्र अनुत्तीर्ण हो गए हैं। जिन स्कूलों के परिणाम खराब रहे हैं, उनके प्राचार्य को नोटिस भेजा गया है। स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के परिणाम भी अपेक्षा अनुरूप नहीं रहे हैं। इन सब स्थिति को देखते हुए जल्द से जल्द भर्ती की तैयारी की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सेवा शर्तों और योग्यता मापदंड में अधिक परिवर्तन नहीं किया जाएगा। पिछले भर्ती के वक्त योग्यता के जो मापदंड निर्धारित थे, वे ही इस भर्ती में भी लागू होंगे।

### महत्वपूर्ण विषयों के पद रिक्त

गणित, विज्ञान, इंग्लिश सहित अन्य विषयों के पद भी रिक्त हैं। हिंदी, सामाजिक विज्ञान जैसे अपेक्षाकृत सरल विषयों का अध्यापन अन्य विषयों के शिक्षक द्वारा कराया जा रहा है, लेकिन कुछ विषयों को लेकर दिक्कत का सामना विद्यालय प्रबंधन कर रहे हैं। नवीन भर्ती के बाद अतिरिक्त अध्यापन कर रहे शिक्षकों को राहत मिलेगी। वेतनमान भी अन्य संविदा शिक्षकों के समकक्ष ही रहेगा।

# जिला पंचायत सदस्य के साथ रेप, फूड इंस्पेक्टर को उम्रकैद

### दो वर्ष पूर्व खम्हारडीह थाना क्षेत्र की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



जिला पंचायत की महिला सदस्य को शादी करने का झांसा देकर प्रेम जाल में फंसाने और उसके बाद उसका अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रेप करने के आरोपी को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। घटना खम्हारडीह थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व की है। मामले की सुनवाई पंकज सिन्हा की स्पेशल कोर्ट में हुई है। जिला पंचायत सदस्य बलौदाबाजार की है।

विशेष लोक अभियोजक उमाशंकर वर्मा के अनुसार कोर्ट ने प्रहलाद राठौर को कैद की सजा सुनाई है। महिला ने प्रहलाद राठौर के खिलाफ 28 फरवरी 2023 को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि बलौदाबाजार में पदस्थ फूड इंस्पेक्टर प्रहलाद राठौर के साथ काम के सिलसिले में जान पहचान हुई थी। दोनों ने एक दूसरे का मोबाइल नंबर शेयर किया था। प्रहलाद ने अपने आपको अविवाहित बताते हुए जिला पंचायत सदस्य को शादी करने का झांसा देकर प्रेम जाल में फंसाया। दोनों डेढ़ साल तक एक दूसरे के साथ रिलेशन में रहे। इस दौरान महिला को फूड इंस्पेक्टर के विवाहित होने की जानकारी मिली। विवाहित होने की जानकारी मिलने पर महिला ने फूड इंस्पेक्टर से ब्रेकअप कर लिया।

- पांच अन्य दोषमुक्त, जिला पंचायत सदस्य को बंधक बनाकर फूड इंस्पेक्टर ने किया था रेप

### वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रेप

महिला ने कोर्ट में बयान दिया है कि 31 जनवरी 2023 को वह अपने किसी काम से दुर्ग गई थी। इस दौरान फूड इंस्पेक्टर ने महिला को उसके अश्लील वीडियो होने की बात कह कर पचपेड़ी नाका के पास बुलाया। इसके बाद महिला को अपने साथ कार में बैठाकर कचना स्थित ओयो होटल में ले गया। होटल के कमरे में महिला को उसका अश्लील वीडियो दिखाकर उसके स्कार्फ से महिला का हाथ मुंह बांधकर रेप किया। दूसरे दिन महिला को सारंगढ़ रोड स्थित बलौदाबाजार, भठगांव के पास एक तालाब किनारे ले जाकर कार में महिला के साथ जबरदस्ती की।

# आने वाली नमी कम होने से बढ़ेगी ठंड तीन से चार डिग्री तक गिरोगा रात का पारा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी की मात्रा में कमी आने से राज्य में ठंड बढ़ने का दौर शुरू होने की संभावना है। राज्य में 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे जा चुके न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री की गिरावट आने के आसार हैं। दूसरी ओर बाहरी इलाकों में देर रात के बाद ठंड महसूस होने लगी है। उत्तरी इलाके में ठंड का प्रभाव साफ नजर आने लगा है।

आने वाले दिनों में रात का तापमान और कम होगा, जिससे ठंड बढ़ेगी, मगर दिन के टेंप्रेचर और बेचैन करने वाली तेज धूप से अभी राहत मिलने की संभावना नहीं है। अभी ठंडी गर्मी के मौसम की वजह से लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी और उससे लगे मध्य पूर्व बंगाल की खाड़ी-म्यांमार के ऊपर स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण विस्तारित है।

इसके धीरे-धीरे कमजोर होने के कारण बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी की मात्रा में कमी हो रही है, जिससे राज्य के न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। उत्तरी भाग से अगले चौबीस घंटे तथा मध्य और दक्षिण भाग अगले 48 घंटे बाद तीन दिनों में न्यूनतम यानी रात के तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने का अनुमान है। पिछले चौबीस घंटे में अंबिकापुर का न्यूनतम पारा 12.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं माना में सर्वाधिक तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। बुधवार को शहर में तेज धूप ने लोगों को खासा परेशान किया।

- बीस डिग्री से नीचे जा चुका न्यूनतम तापमान, आउटर में ठंडी हो रही रात



**प्रमुख शहरों का तापमान**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रायपुर | 32.1 | 19.3 |
| माना | 32.4 | 17.4 |
| बिलासपुर | 31.6 | 18.1 |
| पेंड्रा | 30.4 | 14.6 |
| अंबिकापुर | 29.4 | 12.5 |
| जगदलपुर | 32.2 | 19.3 |
| दुर्ग | 30.2 | 16.6 |

### तीन साल पहले 13 डिग्री उतरा पारा

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार राजधानी रायपुर में न्यूनतम तापमान ठंड के दिनों काफी सालों से दस डिग्री से नीचे नहीं उतरता है। इसीलिए यहां भरे ठंड के मौसम में भी शीतलहर की स्थिति नहीं बनती। आंकड़े की मानें, तो नवंबर में वर्ष 2022 में एक दिन शहर में अच्छी ठंड पड़ी थी और न्यूनतम पारा 13 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा था। बीते दस सालों में शहर में नवंबर की ठंड 12 से 18 डिग्री के बीच रहती है।

# हिस्ट्रीशीटर सहित गांजा के साथ चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक हिस्ट्रीशीटर सहित चार गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो लाख रुपए से ज्यादा कीमत का 23 किलो गांजा जब्त किया है। गांजा तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने गंज के हिस्ट्रीशीटक मोहम्मद शाहरुख, खमतराई निवासी प्रतीक शर्मा, मुंबई निवासी मोहम्मद शमीम, आजाद चौक निवासी पलक नागवानी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कमल विहार के एक मकान में छापा मारकर गांजा तस्करों को गांजा के साथ गिरफ्तार किया।



पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# धान खरीदी सॉफ्टवेयर का ट्रायल रन शुरू, 9 से एप डाउनलोड कर किसान हासिल कर सकते हैं टोकन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने से पहले खाद्य विभाग ने धान खरीदी सॉफ्टवेयर का ट्रायल रन शुरू कर दिया है। इसके साथ ही 15 नवंबर से खरीदी शुरू करने की तैयारी करते सरकार ने तुंहर टोकन एप लांच कर दिया है। इसके माध्यम से किसान अपना धान बेचने के लिए टोकन हासिल कर सकते हैं। टोकन की व्यवस्था 9 नवंबर से शुरू हो रही है। खास बात ये है कि सीजन में धान बेचने के लिए 26 लाख 49 हजार से अधिक किसान पंजीकृत हो चुके हैं। पिछले सीजन के मुकाबले यह संख्या एक लाख अधिक है।

राज्य में किसानों से धान खरीदी शुरू करने के सिलसिले में खाद्य विभाग ने तैयारियां तेज कर दी है। इस संबंध में खरीदी सॉफ्टवेयर का ट्रायल रन शुरू कर दिय गया है। बताया गया है कि 5 से 7 नवंबर तक होने वाले इस तकनीकी काम के लिए खाद्य अफसरों ने अपने अपने क्षेत्र में ट्रायल रन किया है। 7 तारीख को यह काम होने के बाद 9 नवंबर से किसानों को ऑनलाइन टोकन मिलने शुरू हो जाएंगे।



**सत्यापित खाते के बिना नहीं मिलेगा टोकन :** धान बेचने के लिए किसानों को आवश्यक है कि उनके पास बैंक खाता होना चाहिए। इससे भी महत्वपूर्ण बात ये है कि किसान का वह बैंक खाता सत्यापित भी होना चाहिए। सरकार ने ये साफ किया है कि बैंक खाता सत्यापित नहीं हुए किसानों का टोकन जारी करने की अनुमति नहीं है।

### किसान ऐसे हासिल करें ऑनलाइन टोकन

पंजीकृत किसानों को धान खरीदी के लिए टोकन जारी करने की प्रक्रिया के सुव्यवस्थित प्रबंधन के लिए टोकन तुंहर हाथ एंड्रॉइड एप विकसित किया गया है। इस एप की सहायता से प्रत्येक किसान अपने संबंधित उपार्जन केंद्र में, स्वयं द्वारा निर्धारित तिथि पर धान विक्रय हेतु टोकन प्राप्त कर सकता है। इस एप के माध्यम से किसान को समिति द्वारा दर्ज उसकी जानकारी, भूमि विवरण, बैंक खाता, टोकन तथा धान खरीदी से संबंधित सभी नवीनतम जानकारियां उपलब्ध होंगी। आप 'टोकन तुंहर हाथ' एप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। इस एप का उपयोग करने के लिए किसानों को समिति के पंजीयन क्रमांक के आधार पर पंजीयन अनिवार्य है। एप को पहली बार रन करने पर पंजीकरण पृष्ठ प्रदर्शित होगा।

### छोटे किसानों को 2, बड़ों को मिलेंगे 3 टोकन

धान खरीदी के संबंध में राज्य सरकार द्वारा जारी महत्वपूर्ण निर्देश में कई अहम बिंदु शामिल हैं। यदि कृषक द्वारा अंतिम टोकन में प्रविष्ट की गई धान की मात्रा उपार्जन केंद्र में निर्धारित खरीदी लिमिट से अधिक होती है, तो उस स्थिति में उक्त उपार्जन केंद्र में खरीदी लिमिट के 30 प्रतिशत तक का अधिक का उपार्जन किया जा सकेगा। सीमांत कृषक (2.5) एकड़ एवं लघु कृषक (2.5 से 5) एकड़ का अधिकतम 2 टोकन एवं दीर्घ कृषक (5) एकड़ का अधिकतम 3 टोकन बनाने की अनुमति है जिसमें निरस्त किये गये टोकन भी शामिल होंगे।

### धान के बोरे में भरती होगी 40 किलो

सरकार ने ये भी साफ किया है कि किसान को जारी सभी टोकनों का योग किसान से धान खरीदी योग्य मात्रा के बराबर या कम होना अनिवार्य है। टोकन में धान की मात्रा 0.40 क्वि. प्रति बोरा (यानी 40 किलो भरती) के अनुपात में प्रविष्ट करना अनिवार्य है। नया टोकन बनाने हेतु रविवार से शुक्रवार तक 9:30 सुबह से 5 बजे शाम की समय सीमा निर्धारित है। टोकन में तौल हेतु दिनांक में आज के दिनांक की अनुमति नहीं है। टोकन में तौल के लिए शनिवार, रविवार एवं शासकीय अवकाश के दिनांकों के चयन की अनुमति नहीं है।

## खबर संक्षेप



### उपराष्ट्रपति दिल्ली रवाना

**रायपुर।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन राज्य अलंकरण समारोह एवं राज्योत्सव के समापन समारोह में शामिल होने के बाद नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। उनको माना एयरपोर्ट रायपुर में राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बिदाई दी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि

**रायपुर।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजभवन में आधुनिक असम के सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बहुमुखी प्रतिभा के धनी, भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्य की प्रथम महिला रानी डेका काकोटी, राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना एवं राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने श्री हजारिका के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### अग्रवाल समाज का धरना प्रदर्शन आज

**रायपुर।** सर्व अग्रवाल समाज छत्तीसगढ़ द्वारा अग्रसेन चौक में 6 नवंबर को धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शन सुबह 10.30 बजे प्रारंभ होगा। समाज के लोगों ने बताया कि यह प्रदर्शन हमारे आराध्य भगवान अग्रसेन और एवं अन्य पूजनीय महापुरुषों के प्रति की गई आपत्तिजनक एवं अपमानजनक भाषा के विरोध में किया जा रहा है। साथ ही दोषी व्यक्ति पर उचित कार्यवाही की मांग की गई है। धरना प्रदर्शन में सभी, सामाजिक एकता एवं सम्मान की रक्षा के लिए अनिवार्य रूप से उपस्थित हों

### झेरिया यादव समाज का परिचय सम्मेलन जनवरी को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज का दीपावली मिलन का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रतिवर्षानुसार यह निर्णय लिया गया कि महानगर इकाई एवं जिला तथा महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय सामाजिक सम्मेलन, आदर्श सामूहिक विवाह, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, सामाजिक विभूतियों का सम्मान, मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, निशुल्क 21 जोड़ो का आदर्श विवाह किया जाएगा।

### राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने कहा- एसआईआर को जनआंदोलन बनाएं

# एसआईआर पर विपक्ष के विरोध का जवाब देने भाजपा ने कार्यकर्ताओं को दी ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दृष्टिगत आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर जाकर हर एक घर तक पहुंचकर हर एक परिवार का नाम दो बार मिलान करना है एवं उनका नाम मतदाता सूची में शामिल करना है। उन्होंने कहा, इस संपर्क अभियान के माध्यम से बूथ समितियों को और भी मजबूत करना है।

भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा पदाधिकारी से चर्चा करते हुए कहा, भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता हर परिस्थितियों के लिए तैयार रहता है। हमारे कार्यकर्ता परिश्रमी व पराक्रमी हैं, वह समाज के बीच हमारी राष्ट्रवादी विचारधारा को मजबूत करने में जुटे हैं। यह अभियान भी महत्वपूर्ण है, जिसमें सबकी भूमिका सदैव की तरह होनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने किया। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, डॉ. नवीन मार्कण्डेय, भाजपा प्रदेश पदाधिकारी एसआईआर कार्यक्रम टोली के सदस्य व जिलाध्यक्ष मौजूद थे।

**एसआईआर पर हुई प्रशिक्षण कार्यशाला**




### संभागवार दी गई जवाबदारी

कार्यशाला में संभाग प्रभारियों व संयोजकों की नियुक्ति की जानकारी भी दी गई। सम्भाग प्रभारी-रायपुर - अखिलेश सोनी, दुर्ग - अजय चन्द्राकर, सरगुजा - डॉ. विजय शंकर मिश्रा, बस्तर -सौरभ सिंह, बिलासपुर - शिवरतन शर्मा व कार्यालय संचालक मोहन पवार को बनाया गया है। साथ ही एक कंट्रोल रूम बनाया गया है जिसमें वैभव वैष्णव, आलोक मेढ़ी, मनीष श्रीवास्तव, वात्सल्य मूर्ति, यजुवेंद्र सिंह को कंट्रोल रूम संभाग प्रभारी बनाया गया है। कार्यालय सहायता हेतु मुकेश तिवारी, अंकित द्विवेदी को शामिल किया गया है।

### अगले 100 दिनों का काम और समर्पण प्रदेश का सुखद भविष्य तय करेगा : अजय

भाजपा विधायक व एसआईआर कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक अजय चन्द्राकर ने कहा, देश की आजादी के बाद कई बार एसआईआर पर चर्चा हुई, लेकिन पहली बार एसआईआर को लेकर महत्वपूर्ण कार्य हो रहा है। जिस पर सबकी नजरें हैं। कांग्रेस ने तो हमेशा दिग्भ्रमित करने वाली राजनीति को प्रोत्साहित किया है। लेकिन यह अभियान देश को मजबूत करने वाला है, जिसे लेकर कांग्रेस की मौन समझ से परे हैं। इस दौरान हमारे प्रशिक्षित टोली पूरे प्रदेश में अभियान का संचालन करेगी। इसके साथ ही अगले 100 दिनों में भाजपा कार्यकर्ताओं का काम और समर्पण आने वाले वर्षों के लिए प्रदेश के सुखद भविष्य को तय करेगा।

### कांग्रेस ने हमेशा राष्ट्रहितों का विरोध किया है- किरण

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कार्यशाला में कहा, कांग्रेस पार्टी के दुष्प्रचार को हमें लोगों तक पहुंचाना है। जो फर्जी तरीके से मतदान कर रहे हैं, उन्हें रोकना है। इसके लिए एसआईआर एक प्रमुख माध्यम है। एसआईआर की शुरुआती प्रक्रिया देश के 12 राज्यों में की जा रही है, जिसमें से छत्तीसगढ़ भी शामिल है। इसमें आप सबकी महत्वपूर्ण भागीदारी एवं जिम्मेदारी होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा राष्ट्रहितों का विरोध किया है। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कार्यशाला में आगामी कार्य योजना को लेकर विस्तार से चर्चा की एवं कार्यशाला में आए सभी पदाधिकारी एवं टोली के सदस्यों का आवश्यक मार्गदर्शन किया।

# 'वन्देमातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण, 7 से 26 तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन

प्रदेश के 7 स्थानों पर भाजपा करेगी आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी 7 नवम्बर से संविधान दिवस 26 नवम्बर तक बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम्, जिसने करोड़ों लोगों को भारत माता की सेवा के लिए प्रेरित किया, रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। यह कार्यक्रम देश में 150 एवं प्रदेश में 7 स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व वन्देमातरम् कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी नंदन जैन ने यह जानकारी दी। वन्देमातरम् कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी नंदन जैन ने बताया कि भाजपा ने इस अवसर पर 7 नवम्बर को वंदे मातरम् का वाचन किया जाएगा। यह आयोजन सभी जिलों एवं शैक्षणिक संस्थानों में इसी प्रकार आयोजित किया जाएगा। इस अवधि के दौरान सेमिनार, प्रदर्शनी, साहित्यिक प्रतियोगिताएं, सोशल मीडिया अभियान, लेखों तथा साहित्य की तैयारी जैसे विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। श्री जैन ने बताया कि वाद्य यंत्रों के साथ या उनके बिना वंदे मातरम् का अभ्यास इस आयोजन का एक महत्वपूर्ण अंग होगा। आयोजन के दिन /"वंदे मातरम्/" का अभ्यास कर उसका सामूहिक गायन किया जाएगा। इसी दौरान एक /"स्वदेशी संकल्प पत्र" को /"वंदे मातरम्/" के पाठ के बाद सामूहिक रूप से दोहराया जाएगा।

### कार्यक्रम का प्रारूप

वन्देमातरम् कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी श्री जैन ने बताया कि आगामी 7 नवम्बर को राजधानी के इनडोर स्टेडियम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में भव्य कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम के प्रभारी विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे हैं। इसी प्रकार बिलासपुर स्टेडियम में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम होगा जिसके प्रभारी पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल व महापौर पूजा विधानी हैं। अम्बिकापुर के पीजी कॉलेज के सभागार में होने वाले कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल मुख्य अतिथि होंगे। यहाँ प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी व महापौर मंजुला भगत प्रभारी हैं। जगदलपुर के डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी टाउनहाल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम होगा। यहां कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप व महापौर संजय पाण्डेय कार्यक्रम प्रभारी हैं। दुर्ग में बीआईटी कॉलेज के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम मुख्य अतिथि होंगे। यहां जितेंद्र वर्मा व महापौर अलका बाघमार को कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है।

# महंत का आरोप, कहा- धान खरीदी में हुई 11 हजार करोड़ से अधिक की गड़बड़ी

## नेता प्रतिपक्ष ने राज्यपाल को लिखा पत्र, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल को पत्र भेजकर कहा है कि समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की योजना के संचालन में व्याप्त कुप्रबंधनों तथा भ्रष्टाचार के कारण राज्य को होने वाली 11,000 करोड़ से अधिक की हानि के मामले में जांच होनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की योजना राज्य सरकार की सबसे बड़ी योजना है, इसके अंतर्गत 25 लाख से अधिक किसानों का धान प्रतिवर्ष खरीदा जाता है। दिसम्बर 2023 से राज्य में विष्णुदेव साय की सरकार है।

इस सरकार ने समर्थन मूल्य पर खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 145 लाख मीट्रिक टन तथा 2024-25 में 149 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा है। धान की खरीदी से निराकरण करने तक में व्याप्त कुप्रबंधनों और भ्रष्टाचार के कारण राज्य को 11000 करोड़ रुपयों से अधिक की हानि होने जा रही है। इस हानि की प्रतिपूर्ति राज्य के बजट से की जाती है, इसलिए राज्य के व्यापक हित में यह आवश्यक है कि कुप्रबंधन तथा भ्रष्टाचार की जांच कराई जाए, दोषियों को दंडित किया जाए तथा व्यवस्था में सुधार किया जाए।

### अरबों रुपयों का धान हुआ बरबाद



नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर खरीदी में अनियमितता खरीदे गये धान का समय पर निराकरण करने में असफल रहने, समुचित रख-रखाव नहीं करने तथा भ्रष्टाचारों के कारण धान खरीदी केन्द्रों पर 3,94,480 क्विंटल धान लागत मूल्य रू. 158 करोड़ की तथा धान संग्रहण केन्द्रों पर 2,24,234 क्विंटल धान लागत मूल्य रू. 90 करोड़ की क्षति हो चुकी है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान खरीदी केन्द्रों पर 6,85,291 क्विंटल लागत मूल्य रू. 274 करोड़ की क्षति हो चुकी है। धान संग्रहण केन्द्रों पर दिनांक 04.11.2025 की स्थिति में 24,09,979 क्विंटल धान लागत मूल्य रू. 964 करोड़ का शेष है, जो खराब हो चुका है।

### कुल गड़बड़ी 11 हजार 268 करोड़ की

नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, इस प्रकार होने वाली कुल हानि 11,286 करोड़ में से अधिकांश हानि कुप्रबंधनों तथा भ्रष्टाचार के कारण हो रही है। व्यापक जांच करवाने का आदेश करे तथा आने वाले वर्षों में कुप्रबंधनों तथा भ्रष्टाचारों की पुनरावृत्तियों को रोके जाने के उपाय करने हेतु राज्य सरकार को निर्देशित करें।

### केंद्र ने नहीं लिया पूरा चावल 4400 करोड़ की हानि

नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में केंद्रीय पूल में सम्पूर्ण अतिशेष चावल नहीं लिये जाने के कारण 2,20,00,000 क्विंटल धान का विक्रय लागत से अधिक मूल्य पर करना पड़ा है जिसमें कम से कम रू. 4400 करोड़ की हानि होगी।दो साल में 5400 करोड़ की हानि नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, समर्थन मूल्य पर खरीदे गये धान पर कई मदों में भारत सरकार से कम दर पर राशि प्राप्त होने के कारण तथा केंद्रीय पूल में भारतीय खाद्य निगम द्वारा अत्यधिक धीमी गति से चावल उपार्जन करने के कारण अनिराकृत धान पर ब्याज तथा रख-रखाव आदि का अतिरिक्त आर्थिक भार राज्य पर आता है। इन कारणों से भी प्रति क्विंटल लगभग रू. 200.00 की हानि होती है। इस प्रकार विगत दो वर्षों की हानि की राशि रू. 5,400 करोड़ होगी।

# बैज का आरोप- हरियाणा में भाजपा ने कांग्रेस से जीत चुराई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर देश के सबसे बड़े चुनावी घोटाले का पर्दाफाश किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, राहुल गांधी ने साबित किया कि हरियाणा में 25 लाख फर्जी वोटर जोड़े गये, यह काम भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत से हुआ था।

उन्होंने साबित किया, पूरे हरियाणा में 1,24,177 फर्जी तस्वीरों वाले वोटर हैं तथा ब्राजील की एक मॉडल की तस्वीर हरियाणा के 10 बूथों में 22 अलग-अलग नामों से है। एक फोटो के साथ 223 वोटर के नाम है। एक घर में 501 वोटर दर्ज हैं। हजारों ऐसे मतदाता हैं, जिनके नाम हरियाणा और उत्तरप्रदेश दोनों स्थानों पर हैं। इनमें से अनके भाजपा के नेता और कार्यकर्ता हैं। यह देश का बड़ा चुनावी फ्राड है।



नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने महाराष्ट्र, कर्नाटक और हरियाणा की चुनाव गड़बड़ियों को किया उजागर

### चुनाव आयोग से मिलकर भाजपा ने किया खेल

श्री बैज ने कहा, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने साबित किया, हरियाणा का जनादेश भाजपा और चुनाव आयोग ने मिलकर चुराया है। हरियाणा में 25 लाख फर्जी मतदाता जोड़े गये और हरियाणा का विधानसभा चुनाव कांग्रेस पार्टी मात्र 22,779 वोटो से हारी है। राहुल गांधी ने पुख्ता सबूतों के साथ साबित कर दिया कि किस प्रकार हरियाणा में षड़यंत्र करके कांग्रेस से चुनाव में जीत छीनी गयी है। उन्होंने कहा, इसके पहले भी राहुल गांधी ने महाराष्ट्र और कर्नाटक में मतदाता सूची की गड़बड़ियों के साक्ष्य सामने रखे थे, जिसका जवाब चुनाव आयोग नहीं दे पाया। महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, हरियाणा, राजस्थान जैसे अनेकों राज्य में भाजपा ने जनादेश चुराने का षड़यंत्र रचा है। यह देश के लोकतंत्र के लिए घातक है।

### सच्चाई दबाने का प्रयास कर रहा आयोग

उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी ने इन मुद्दों को कई बार चुनाव आयोग के सामने उठाया है। राहुल गांधी ने 3 फरवरी, 10 मार्च को संसद में यह मुद्दा उठाया और 7 जून को विभिन्न समाचार पत्रों में एक लेख भी लिखा। 7 फरवरी को इंडिया गठबंधन की एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस भी हुई थी और कांग्रेस पार्टी ने चुनाव आयोग को चार औपचारिक पत्र लिखकर डिजिटल मतदाता सूची और संबंधित डेटा उपलब्ध कराने की मांग की थी, लेकिन चुनाव आयोग ने सहयोग करने के बजाय सच्चाई को दबाने का प्रयास किया।

**वित्त विभाग ने जारी किया आदेश, आज तक का समय**

# शीतकालीन सत्र में सरकार पेश करेगी अनुपूरक बजट विभागों से राशि के प्रस्ताव, अनुपूरक राशि के प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राज्य सरकार दिसंबर में होने वाले राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र में अनुपूरक बजट पेश करेगी। इस संबंध में वित्त विभाग ने सरकार के सभी विभागों से अनुपूरक राशि के प्रस्ताव मंगाए हैं, इस काम के लिए 6 नवंबर तक का समय दिया गया है। वित्त विभाग द्वारा इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि वर्ष 2025-2026 का अनुपूरक अनुमान आगामी विधानसभा सत्र दिसबर-2025 में प्रस्तुत किया जाना है। अनुपूरक अनुमान से संबंधित प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में 6 नवंबर तक वित्त विभाग को उपलब्ध कराएं। प्रस्ताव इस आधार पर होंगे। आकस्मिकता निधि अदिन प्रतिपूर्ति संबंधी प्रस्ताव। बजट सत्र के पश्चात केंद्र सरकार से प्राप्त राशि के परिप्रेक्ष्य में अनुपूरक प्रस्ताव। मुख्यमंत्री की विगत वित्तीय वर्ष की घोषणा संबंधी प्रस्ताव। वर्ष 2025-26 ने मुख्य बजट अनुमान में शामिल वे योजनाएं जिनमें अतिरिका राशि की आवश्यकता हो। ऐसी सभी मदों का जिनमें 31 मार्च, 2025 तक अतिरिक्त राशि की आवश्यकता है तथा जिन्हें टाला जाना संभव नहीं हो उनका सटीक आकलन करते हुए औचित्यपूर्ण प्रस्ताव भेजने कहा गया है।। केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं की एसएनए स्पर्श मॉडल के माध्यम से क्रियान्वयन हेतु उपलब्ध बजट शीर्षों का परीक्षण को हुए यदि नवीन शीर्ष खोला जाना आवश्यक तो इसके लिए समुचित प्राय उपलब्ध कराये ताकि इन योजनाओं का समय-सीमा में क्रियान्वयन किया जा सके।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### कांजी हाउस का ताल तोड़ा, पशुओं को छोड़ा

**आरंग।** नगर पालिका परिषद आरंग द्वारा संचालित कांजी हाउस का ताला अज्ञात व्यक्ति द्वारा तोड़कर पशुधन को पुनः छोड़ दिया गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने पालिका प्रशासन को संबंधित अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध आरंग थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने को कहा। नगर पालिका प्रशासन ने थाना प्रभारी आरंग को पत्र लिखकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है। पत्र में उल्लेख किया गया कि नगर के किसानों द्वारा अपनी फसल की सुरक्षा के लिए आवारा मवेशियों को वार्ड क्रमांक 14, अकोली रोड, नेशनल हाईवे आरंग स्थित कांजी हाउस में रखा गया था। 04 नवम्बर 2025 की रात किसी अज्ञात व्यक्ति या असामाजिक तत्व ने नगर पालिका एवं स्थानीय प्रशासन की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से कांजी हाउस का ताला तोड़कर मवेशियों को भगा दिया। इससे पहले भी कई बार ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे किसान वर्ग में नगर पालिका एवं प्रशासन के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। नगर पालिका प्रशासन ने इस मामले में दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### बनरसी में साहू समाज के भवन का भूमिपूजन 11 को

**आरंग।** ग्राम बनरसी में झेरिया साहू समाज के भवन निर्माण हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन 11 नवम्बर को किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे साहू समाज भवन बनरसी (राधा-कृष्ण मंदिर परिसर) में पूजन विधि के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुरु खुशवंत साहेब (कैबिनेट मंत्री - कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विकास, छत्तीसगढ़ शासन तथा विधायक - आरंग विधानसभा) शामिल होंगे। प्रमुख अतिथियों में इन्द्रकुमार साहू (विधायक अभनपुर), छोटेलाल सोनकर (अध्यक्ष नगर पंचायत समोदा), टाकेश्वरी मूरली साहू (जनपद अध्यक्ष), लुकेश कुमार साहू (जनपद सभापति कृषि विभाग) शामिल होंगे। ग्राम बनरसी सहित समूचे क्षेत्र में इस कार्यक्रम को लेकर उत्साह का माहौल है। समाज के पदाधिकारी एवं ग्रामीणजन भवन निर्माण कार्य को लेकर विशेष रूप से उत्साहित हैं। आयोजन समिति ने सभी समाजबंधुओं से अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है।

**निधन**

### कमल वर्मा



**तिल्दा नेवरा।** ग्राम घुलघुल निवासी कमल वर्मा जो कि सरस्वती शिशु मंदिर नेवरा विद्यालय के मुख्य लिपिक के पद पर कार्यरत थे उसका 5 नवंबर को निधन हो गया। वे घसिया वर्मा के पुत्र एवं मुरली वर्मा, योगेश के बड़े भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नागरिक गण उपस्थित हुए।

### संत कुमार साहू



**आरंग।** ग्राम ख़मतराई निवासी संत कुमार साहू (62) का शनिवार को निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व ग्रामीण शामिल हुए। वे जीरा साहू के पुत्र, रेखा साहू के पति व अंकुश साहू के पिता थे।

### घनश्याम बैस



**आरंग।** ग्राम गोढ़ी के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व जनपद सदस्य घनश्याम बैस (58) (भीम बैस) का मंगलवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। स्व. बैस ग्राम गोढ़ी के जनप्रतिनिधि रहे और लंबे समय तक भाजपा संगठन से जुड़े रहे। वे नवीन बैस के पिता तथा गजाधर बैस (पूर्व मंडल उपाध्यक्ष, मंदिर हसौद मंडल) के चाचा थे। अंतिम संस्कार उनके पैतृक ग्राम गोढ़ी में बुधवार को किया गया।

# बोहरही धाम के दीपावली मिलन समारोह को पारंपरिक वेशभूषा में सुआ नृत्य से सजाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

जिला रायपुर ग्रामीण महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सविता चंद्राकर के नेतृत्व में बोहरही धाम मंडल के अकोली गांव में दीपावली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। धरसीवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा की गरिमामयी मुख्यातिथि में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ, जहाँ महिलाओं ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी संस्कृति और लोक कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। समारोह में शामिल सभी महिलाएँ पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में पहुंचीं, जिससे पूरे आयोजन में छत्तीसगढ़ महतारी की संस्कृति की छटा बिखर गई। महिलाओं ने पारंपरिक और मनमोहक सुआ नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी, जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया साथ ही महिलाओं के लिए अनेक प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल फुगड़ी, रोमांचक कुर्सी दौड़ और अन्य मनोरंजन खेलों में महिलाओं ने पूरे उत्साह से भाग लिया। हंसी-खुशी के इस माहौल में सभी ने आपस में दीपावली मिलन को पूरे जोश के साथ मनाया।

**महिला शक्ति, समाज के अंधकार को दूर करने वाली लौ : अनुज शर्मा**

मुख्यातिथि धरसींवा विधायक श्री अनुज शर्मा ने कहा महिला मोर्चा की एकजुटता प्रेरणादायक; नारी शक्ति के बल पर ही संभव है जो सशक्त समाज का निर्माण करती है आज महिला मोर्चा ने दिपावली मिलन का यह सुंदर आयोजन करके यह साबित कर दिया है कि हमारी मातृशक्ति में परिवार और समाज को एक सूत्र में पिरोने की अद्भुत क्षमता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि एक छोटा-सा दीपक भी घने अंधकार को दूर कर देता है—ठीक उसी तरह, हमारी महिला शक्ति, समाज के अंधकार को दूर करने वाली लौ है। मेरा आप सभी से आग्रह है कि आप इस आयोजन से मिली ऊर्जा और एकजुटता को अपने दैनिक जीवन और क्षेत्र के विकास में लगाएँ। क्योंकि, जब नारी सशक्त होती है, तभी राष्ट्र सशक्त होता है।



**इनकी रही प्रमुख उपस्थिति :** इस अवसर पर प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती विभा अवस्थी , श्रीमती लक्ष्मी वर्मा , जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ,भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, अरविंद ठाकुर , सौरभ गुरु साहेब , स्वाति वर्मा , सैल महेंद्र साहू , चंद्रकला ध्रुव , प्रतिज्ञा गुप्ता , सरपंच उमा साहू , सुभाष वर्मा , मुकेश वर्मा, हरक वर्मा , बबिता मूर्ति , महेश नायक सोना वर्मा , हरिशंकर वर्मा , रुक्मणी शिवारे सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**गोद भराई, अन्नप्राशन और बूस्टर खुराक**

कार्यक्रम के दौरान सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी पहल भी की गई। समारोह में उपस्थित गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म पूरी की गई, जिससे उन्हें सम्मान और आशीर्वाद मिला। साथ ही, बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया और उन्हें आवश्यक बूस्टर खुराक भी दी गई,

**हड़ताल :** पाँच साल से लंबित है वेतन वृद्धि, 750 कर्मचारी आर्थिक संकट

# इंक्रीमेंट की मांग पर ग्रामीण बैंक कर्मियों का क्रमिक भूख हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित की धरसींवा सहित सभी शाखाओं के कर्मचारियों ने अपनी लंबित वार्षिक वेतन वृद्धि के विरोध में क्रमिक हड़ताल शुरू कर दी है। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें पिछले पाँच वर्षों से वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिला है, जिसके कारण लगभग 750 कर्मचारियों के परिवार गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने पहले सहकारिता विभाग से न्याय की गुहार लगाई, लेकिन कोई कदम न उठाए जाने पर उन्हें न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। माननीय उच्च न्यायालय की सिंगल बेंच और डबल बेंच दोनों में सुनवाई होने के बावजूद कर्मचारियों को राहत नहीं मिली है। कर्मचारियों का सीधा आरोप है कि सहकारिता विभाग न्यायालय के आदेशों का भी पालन नहीं कर रहा है, जिससे उनका असंतोष और अधिक बढ़ गया है।

**आंदोलन का घटनाक्रम :** 29 अक्टूबर से शुरुआतः पहले चरण में कर्मचारियों ने काली पट्टी पहनकर शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया। 3 नवंबर से आंदोलन तेज कर दी है जिसमे कर्मचारियों ने हड़ताल को और अधिक तेज करने का निर्णय लिया है। यह हड़ताल रायपुर जिला सहकारी बैंक की लगभग सभी शाखाओं के 700 से अधिक सहकारी समितियों से जुड़ी है। इन शाखाओं के माध्यम से कृषि ऋण वितरण, किसान योजनाएँ, धान खरीदी जैसे कई महत्वपूर्ण सरकारी कार्य संचालित किए जाते हैं।

**ताला बंदी की चेतावनी :** कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो बैंक में तालाबंदी की स्थिति बन सकती है, जिसका सीधा और गंभीर प्रतिकूल असर किसानों, आम खाताधारकों और शासन के कार्यों पर पड़ेगा।



**बैंक कर्मचारी हड़ताल पर**

**तिल्दा नेवरा।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के प्रदेश स्तरीय आव्हान पर तिल्दा नेवरा के बैंक कर्मचारी भी हड़ताल पर हैं।

नेवरा में उक्त बैंक कर्मचारी भी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर है।

## हड़ताली बैंक कर्मचारियों ने की जमकर नारे बाजी

**तरपोंगी।** रायपुर सहकारी बैंक कर्मचारियों द्वारा क्रमबद्ध हड़ताल का दुसरा चरण प्रारंभ हो चुका है। वार्षिक वेतन वृद्धि पर हाईकोर्ट का स्पष्ट निर्णय के बावजूद सहकारिता विभाग का जो रवैया है उससे क्षुब्ध होकर रायपुर बैंक अंतर्गत 06 जिलों के 73 शाखाओं के 700 कर्मचारियों ने 29 अक्टूबर से हड़ताल की घोषणा किये हुए हैं।

4 नवम्बर को तरपोंगी शाखा के कर्मचारियों ने 10.30 बजे से 11.30 बजे तक एक घंटा बैंक के सामने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। जिसे किसान व अमानतदारो ने भी कर्मचारियों को समर्थन दिया। इस प्रदर्शन में तरपोंगी के शाखा प्रबंधक मनीष तिवारी, लीलाधर वर्मा, शत्रुहन लाल फेकर, राजेश शर्मा, जागृत कुमार शर्मा, संजय कुमार शर्मा, कमल नारायण साहू, बलराम साहू, मोहम्मद एजाज, राकेश साहू आदि शामिल थे। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों को जो वार्षिक वेतन वृद्धि मिलना है उससे शासकीय खजाने पर



कोई अतिरिक्त भार नहीं पड़ना है,बैंक के अर्जित लाभ से ही कर्मचारियों को वेतन वृद्धि मिलना है फिर भी लाभ से वंचित है। मांग पूरी नहीं होने पर 6 नवम्बर को समस्त कर्मचारी एक दिन का सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल पर रहेंगे।

# गुरुनानक देव जयंती पर सत्संग और लंगर हुआ



**तिल्दा नेवरा।** गुरुनानक देव के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आज पूज्य पंचायत भवन में पूज्य पाठ साहब का भोग साहब में पूज्य पंचायत के समस्त पदाधिकारी व नगर के गणमान्य नागरिकों सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सतसंग का लाभ लिया व भंडारा लंगर साहब में सभी समाज के गणमान्य नागरिकों ने प्रसादी ग्रहण कर अपना जीवन सफल बनाया

सिंधी समाज अध्यक्ष श्री शमनलाल खूबचंदानी ने समस्त नगरवासियों को गुरुपर्व की शुभकामनाएं दी वही चेम्बर प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सेतपाल ने आज के इस महापर्व में गुरुनानक देव के बताए मार्ग पर चलने की अपील की।

राजेश सेतपाल ने अपनी अरदास में सर्व समाज के कल्याण की प्रार्थना की व बताया पूज्य सिंधी पंचायत व जय हरि हरि समिति के सभी साथी इस भंडारे में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेकर इस महाआयोजन में अपना योगदान देते है।

## शिक्षकों की बीएलओ ड्यूटी से विद्यालयों में पढ़ाई प्रभावित

**आरंग।** सैकड़ों शिक्षक बीएलओ कार्य में संलग्न होने के कारण शालाओं में बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। शिक्षकों को गैर-शिक्षकीय कार्यों से मुक्त रखने का दावा तो किया जाता है, लेकिन आए दिन उनसे ऐसे कार्य लिए जा रहे हैं।

अगले माह अर्धवार्षिक परीक्षाएं एवं दो महीने बाद बोर्ड परीक्षाएं होनी हैं, साथ ही कक्षा 10वीं और 12वीं की प्रैक्टिकल परीक्षाएं भी निकट हैं। निकट भविष्य में जनगणना कार्य में भी शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इन सभी कारणों से शिक्षक परीक्षा की तैयारी के लिए पर्याप्त समय नहीं दे पा रहे हैं। शिक्षा विभाग द्वारा एक ओर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की कवायद की जा रही है, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में शिक्षकों से गैर-शिक्षकीय कार्य लिया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा हर बार यह निर्देश जारी किया जाता है कि छात्रहित को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों को गैर-शिक्षकीय कार्यों से मुक्त रखा जाए, किंतु इसका पालन नहीं हो पाता। अधिकारियों-कर्मचारियों में सबसे बड़ा अमला शिक्षा विभाग का है, जिसके चलते निर्वाचन, जनगणना जैसे गैर-शिक्षकीय कार्यों में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाती है।

# खेतों में नमी से हार्वेस्टर से भी धान कटाई की रफ्तार धीमी



**आरंग।** लाखौली क्षेत्र के गावो में किसानों के लिए इन दिनों धान कटाई का समय चुनौतीपूर्ण बन गया है। लगातार हुई बारिश और खेतों में जमा पानी के कारण भूमि पूरी तरह गीली हो चुकी है, जिससे कटाई का कार्य मन्दगति से चल रहा है।गांव-गांव में अब मन्द गति से कुछ किसान हाथ से और कुछ किसान चेन वाली हारवेस्टर से धान की कटाई करवा रहे हैं, खेतों की नमी के चलते कई स्थानों पर मशीनें फँस रही हैं। किसानों का कहना है कि अगर खेतों में जल्द सूखापन नहीं आया तो धान की कटाई में और विलंब होगा, जिससे मंडी तक धान पहुँचाने में भी दिक्कतें आ सकती हैं।

वहीं, कुछ क्षेत्रों में हारवेस्टर के खेत में न उतर पाने के कारण धान खड़ी की खड़ी रह गई है।खेतीहरों का कहना है कि मौसम यदि दो-तीन दिन तक साफ रहा तो कटाई का कार्य रफ्तार पकड़ सकता है। वर्तमान में अधिकांश गांवों में किसान मशीनरी का सहारा लेकर जैसे-तैसे फसल कटाई जारी रखे हुए हैं।

## बकतरा में मानस पर व्याख्यान गोष्ठी हुई

**आरंग।** आदिशक्ति मानस मंडली, शिव चौक युवा उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी बकतरा (गोढ़ी) के तत्वावधान में कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर बुधवार को एक दिवसीय श्रीराम चरित मानस संवाद व्याख्यान गोष्ठी का आयोजन हुआ। भगवान श्रीराम व माता जानकी की पूजा, मंगलाचरण, हनुमान चालीसा और राम स्तुति का पाठ स्थानीय बाल समाज मानस मंडली द्वारा प्रारंभ किया गया। गोष्ठी का आयोजन मानस गोष्ठी परिवार जिला मानस संघ के मार्गदर्शन एवं आदिशक्ति मानस मंडली के व्याख्याकार ओंकार पटेल के संयोजन में हुआ।

रायपुर जिले से आए मानस वक्ता ममता देवांगन, पिंटू पटेल, श्यामलाल तारक, कोमल प्रसाद साहू, नारायण प्रसाद वर्मा, शंकर बघेल, पोयम साहू, प्रवीण साहू और ललेल जायसवाल ने गोस्वामी तुलसीदास कृत श्रीराम चरित मानस के बालकांड, अयोध्याकांड, सुंदरकांड, लंकाकांड एवं उत्तरकांड के पावन प्रसंगों पर विविध शैली में आध्यात्मिक, धार्मिक व सामाजिक भावों से युक्त व्याख्यान प्रस्तुत कर श्रोताओं को आनंदित किया। कार्यक्रम में मां कौशल्या जिला मानस संघ रायपुर के नारायण प्रसाद साहू, रेखराज साहू, श्यामलाल साहू, बिसहत साहू, यशवंत साहू, सीताराम यादव, रेखराज धीवर, विजय साहू, घनश्याम साहू, चंद्रहास साहू, कलाराम तारक, राजेंद्र चंद्राकर, शत्रुघ्न सिन्हा, अशोक साहू, परमानंद जलक्षत्री, अवध विश्वकर्मा, मानस लोधी, रोहित साहू, हीरालाल साहू, विजय पार्टश्वर, घनश्याम साहू, ओंकार निर्मलकर, तुलसीराम साहू सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का सम्मान श्रीफल और रामनाम गमछा से किया गया।

# एक सप्ताह में नगर में हुईं चार चोरियां, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर




बीते एक सप्ताह में अभनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चार अलग-अलग चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई हैं। पहली घटना राज्योत्सव स्थल ग्राम तूता की है, जहां मनीष साहू, जो जल संसाधन विभाग राजिम में कार्यालय चौकीदार के पद पर पदस्थ हैं,1 नवंबर को अपनी ड्यूटी के दौरान अपनी हीरो एक्सट्रीम मोटरसायकल (सीजी 05 एएस 0410) पार्किंग नंबर पी 6 में खड़ी कर गए थे। शाम को लौटने पर उन्होंने पाया कि उनकी बाइक वहां से गायब थी। बाइक की कीमत करीब 40 हजार रुपये बताई गई है। दूसरी चोरी की घटना ग्राम बिरोदा की है। प्रार्थी हुलास साहू, जो जनरल स्टोर्स संचालित करते हैं, जानकारी अनुसार 2 नवंबर को उन्होंने अपनी ड्रीम युगा (सीजी 04 एलपी 3959) बाइक घर के पास खड़ी की थी, जो सुबह उठने पर गायब मिली। बाइक की कीमत लगभग 15 हजार रुपये आंकी गई है।

तीसरी रिपोर्ट फिर से राज्योत्सव स्थल तूता से सामने आई है। आमीन कुरैशी, जो कलिंगा यूनिवर्सिटी कोटनी में काउंसलर हैं जिनके रिपोर्ट अनुसार 2 नवंबर को उन्होंने अपनी टी.व्ही.एस. विक्टर (एमपी 05 एमटी 2143) बाइक पार्किंग पी 5 में खड़ी की थी, जो कुछ ही घंटों बाद चोरी हो गई। बाइक की कीमत करीब 40 हजार रुपये है। चौथी बड़ी चोरी की वारदात गातापार से सामने आई है। कन्हैया मंडल, जो शिक्षक हैं, परिवार सहित 25 अक्टूबर को घूमने दंतेवाड़ा गए थे,28 अक्टूबर लौटने पर उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और नकदी 19 हजार रुपये, सोने के दो जोड़ी पैंडल, पांच जोड़ी चांदी के पायल सहित कुल 64 हजार रुपये के आभूषण और नकदी चोरी हो चुके हैं। लगातार चोरी की घटनाओं से क्षेत्र के लोग चिंतित हैं।

# व्यापारी संघ का दीपावली मिलन समारोह होगा आज

**चंदखुरी।** चंदखुरी फार्म फुटकर व्यापारी संघ का प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दीपोत्सव दीपावली मिलन उत्साहित उत्सव के रूप में 06 नवंबर को मनाया जाएगा जहां पर दीपावली मिलन समारोह का कार्यक्रम मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज भवन चंदखुरी फार्म में रखा गया है मुख्य अतिथि के रूप में गुरु खुशवंत साहेब कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन अतिथि के रूप में प्रतीक बैंस नगर पंचायत चंदखुरी अध्यक्ष रवि सोनी उपाध्यक्ष नगर पंचायत चंदखुरी कविता हेमंत कश्यप जिला पंचायत सदस्य रेखा कृपाल यादव जनपद सदस्य प्रमुख रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

सर्वप्रथम लक्ष्मी जी का पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया जाएगा उनके बाद वरिष्ठ अतिथि एवं नागरिकों का सम्मान एवं स्वागत किए जाएंगे उनके साथ ही



साथ व्यापारी संगठन के वार्षिक शुल्क जमा करने का समय निर्धारित किया जाएगा दीपावली मिलन समारोह में सदस्यों द्वारा ध्यान में लाए गए विषयों पर चर्चा किए जाएंगे एवं स्वल्पाहार का व्यवस्था किया गया हैं साथ ही साथ चंदखुरी फार्म फुटकर संपूर्ण व्यापारी द्वारा दीपावली उत्सव मिलन को लेकर 06 नवंबर दिन गुरुवार को सभी दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया गया है यह तैयारी को लेकर व्यापारी संघ अध्यक्ष मोहित राम वर्मा एवं पूरी टीम जोर शोर से तैयारी में लगे हुए है!

**पेज 11 के शेष**

### पुन्नी मेला में सैलाब, भीड़...

चलेगा। छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक पुन्नी मेला का क्रेज जबरदस्त रहा। तीन दिवसीय मेले के पहले दिन रायपुर के साथ छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से लोग बड़ी संख्या में मेले का मजा लेने सपरिवार पहुंचे। लोगों ने खारुन नदी के महादेवघाट में डुबकी लगाकर पुण्य स्नान किया और भगवान हाटकेश्वर महादेव के मंदिर में पहुंचकर परिवार के लिए समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।

**खिलौने वाले, मनिहारी सामान, पूजा सामग्री, सौंदर्य प्रसाधन की सामग्री से सजे स्टाल :** मेला स्थल पर 150 से अधिक छोटे बड़े स्टॉल और तंबू तानकर फुटकर विक्रेता खरीदारों की पसंद के हिसाब से सामग्री लेकर पहुंचे हैं। इनमें बच्चों के लिए खिलौने, महिलाओं के लिए सौंदर्य प्रसाधन सामग्री, मनिहारी समान वाले स्टॉल पर खरीदारी करने लोगों की भीड़ देखी गई। साथ पूजन सामग्री, धार्मिक साहित्य, देवी-देवताओं के आकर्षक फ्रेम वाली फोटो के अलावा तरह-तरह के सजावटी सामग्री लेकर विक्रेता पहुंचे हैं। इन स्टालों में सुबह से लेकर देर शाम तक लोगों की आवाजाही होने से रौनक देखी जा सकती है।

**चूल्हे की आंच पर बन रही तरह-तरह की मिठाई, नमकीन की भी डिमांड :** महादेवघाट के पास सजकर तैयार पुन्नी मेला में प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी शहर सहित आसपास के गांवों से मिठाई, नमकीन बनाने वाले हलवाई चूल्हा लेकर ताजा खाने-पीने का सामान तैयार करने पहुंचे हैं। चूल्हे की आंच में कहीं गरम-गरम जलेबी निकाली जा रही है, कहीं बरफी, पेड़ा, गुलाब जामुन परात में सजाकर बेचने के लिए रखे गए हैं। इसके साथ ही पारंपरिक सेव गाठिया, नमकीन के साथ तरह-तरह के खाने की सामग्री लोग तंबू में लगाए गए कुरसी और बेंच में बैठकर खा रहे हैं।

**गन्ना, सिंघाड़ा, अमरूद वाले के यहां लगी रही भीड़ :** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले पुन्नी मेला में गन्ना खरीदने का रिवाज रहा है। इसे देखते हुए आसपास के गांवों से गन्ना बेचने वाले ट्रैक्टर, मेटाडोर में गन्ना भरकर बेचने के लिए मेला स्थल पर डटे हुए हैं। इसके साथ ही सिंघाड़ा, अमरूद, सीताफल, सेव, केला सहित तरह-तरह के फल और मौसमी सब्जियां यहां ग्राहकों के लिए लाई गई हैं।

### फाइटर प्लेन के एयर ...

पांच दिन के लिए बंद रखा गया है। बुधवार को सेंध जलाशय के ऊपर फाइटर प्लेन द्वारा एयर शो का आयोजन किया गया। इस दौरान फाइटर प्लेन विमानतल से उड़ान भरकर विभिन्न तरह के करतब लगाते रहे। शो के कारण पांच विमानों की आवाजाही में बदलाव किया गया था। सुबह 10.40 बजे लखनऊ से रायपुर की फ्लाइट सुबह 7.20 बजे लैंड हो गई। वहीं 11.10 बजे रवाना होने वाली भुवनेश्वर की फ्लाइट 7.55 बजे संचालित हुई। सुबह 10.25 बजे उड़ान भरने वाली रायपुर-इंदौर फ्लाइट 9.40 बजे टेकऑफ हो गई। इसी तरह सुबह 11 बजे संचालित होने वाली हैदराबाद फ्लाइट दोपहर 1.28 और सुबह 10 बजे वाली बेंगलुरु फ्लाइट दोपहर 1.38 बजे रायपुर विमानतल से रवाना हुई। यह फ्लाइट गुरुवार को भी री-शेड्यूल की जाएगी।

# भव्य दिव्य प्रथम चातुर्मास्य व्रतानुष्ठान सम्पूर्ति सभा का आयोजन

**रायपुर।** दण्डी स्वामी डॉ. इन्दुभवानन्द तीर्थ जी महाराज के भव्य दिव्य प्रथम चातुर्मास्य व्रतानुष्ठान की सम्पूर्ति सभा शदाणी दरबार के संत युधिष्ठिर एवं पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, पूर्व विधायक नंदे साहू की मुख्य उपस्थिति में संपन्न हुआ। राजधानी में पहली बार भगवती राजराजेश्वरी महात्रिपुर सुन्दरी ललिता प्रेमाम्बा महारानी एवं परम पूज्य ब्रह्मलीन पीठद्वयाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य भगवान की अहैतु की कृपा से 10 जुलाई से प्रारंभ दण्डी स्वामी डॉ. इन्दुभवानन्द तीर्थ जी महाराजा के प्रथम चातुर्मास्य के समापन के पूर्व संध्या पर शंकराचार्य आश्रम में भव्य दिव्य प्रथम चातुर्मास्य व्रतानुष्ठान सम्पूर्ति सभा का शुभारंभ ललिता प्रेमाम्बा त्रिपुर सुंदरी के पूजा अर्चना से हुआ। राज्यगीत उपरांत प्रमुख अतिथियों ने दण्डी स्वामी डॉ. इन्दुभवानन्द तीर्थ जी महाराज का गजमाला एवं अभिनंदन पत्र से सम्मानित किया। इस अवसर पर गजानंद शास्त्री, ऐश्वर्या दीवान, डॉ जयवर्धन विशिष्ट रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर बेमेतरा से शामिल मंडली ने दण्डी स्वामी डॉ. इन्दुभवानन्द तीर्थ जी महाराज के जीवन पर आधारित पंडवानी प्रस्तुत कर दर्शकों को भाव विभोर किया।



**निकली भव्य शोभायात्रा**

भव्य दिव्य प्रथम चातुर्मास्य व्रतानुष्ठान सम्पूर्ति सभा में प्रमुख रूप से डीपी तिवारी, ज्ञानेश शर्मा, मिश्री लाल पाण्डेय, अनुराग दीवान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल थे। सभा का संचालन आचार्य महेन्द्र एवं आभार प्रदर्शन आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने किया। बुधवार को चातुर्मास्य व्रतानुष्ठान के समापन दिवस पर सीमा उल्लंघन समारोह पर शंकराचार्य आश्रम से भव्य शोभा यात्रा निकली। जो राजधानी के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए, खारुन नदी पहुंची।

## खबर संक्षेप

### बीएकेएस का चुनाव सात दिसंबर को, चुनाव कमेटी गठित

**रायपुर।** बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ भिलाई का चुनाव 7 दिसंबर को होगा। नई कमेटी के गठन के लिए आंतरिक चुनाव का कैलेण्डर जारी कर दिया गया है । चुनाव संपन्न कराने सुनील शर्मा के नेतृत्व में 5 सदस्यो वाली कमिटी गठित की गई है । कमेटी में ब्रजेश कुमार, हंसराज मीणा, रमेश, लोकेश दुबे को चुनाव अधिकारी बनाया गया है । चुनाव अधिकारी सुनील शर्मा ने बताया कि यूनियन के आंतरिक चुनाव का चुनावी कैलेंडर घोषित किया गया है जिसके तहत मतदाता सुची का प्रकाशन 10 नवम्बर तक,मतदाता सूची में नाम जोड़ने घटाने /आपत्ति दर्ज करने की अंतिम तारीख 12 नवम्बर है। चुनाव अध्यक्ष , महासचिव , कोषाध्यक्ष तथा विभागीय वर्किंग कमिटी सदस्यों के लिए होगा। अन्य पदाधिकारी बाद में चुने जाएंगे। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथी 15 नवंबर से 18 नवंबर व नामांकन वापसी 19 नवम्बर को होना है।

### ई-ऑफिस क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण आज

**रायपुर।** दुर्ग जिले के विभागों एवं कार्यालयों में ई-ऑफिस के क्रियान्वयन, सुचारू रूप से संचालन एवं उनके प्रयोगों के संबंध में प्रशिक्षण 6 नवम्बर को प्रातः 10.30 से दोपहर 12.30 बजे तक विश्वनाथ यादव तामस्कर पीजी आटोनामस कालेज दुर्ग साइंस कॉलेज दुर्ग में आयोजित की गई है। जिन विभागों को ई-ऑफिस संचालन में समस्या हो रही है, संबंधित विभाग के अधिकारी स्वयं या अपने कर्मचारी को नियत दिनांक, समय, स्थल पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने कहा गया है।

### एसआईआर : अधिकारियों कर्मचारियों के स्थानांतरण पर लगा प्रतिबंध

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) संबंधी कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। आयोग द्वारा जारी पुनरीक्षण कार्यक्रम अनुसार निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य 28 अक्टूबर 2025 को प्रारंभ कर 7 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13 सीसी के प्रावधान के तहत मतदाता सूची की तैयारी, पुनरीक्षण और सुधार के संबंध में नियोजित अधिकारी, कर्मचारी भारत निर्वाचन आयोग के नियंत्रण, अधीक्षण और अनुशासन के अधीन रहेंगे।

## निधन



### भगवती देवी

**रायपुर।** पंडरी निवासी भगवती देवी मित्तल का 5 नवम्बर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेन्द्र नगर श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. मुरारी लाल मित्तल की पत्नी और राकेश मित्तल की माता थीं।

# अब प्राइवेट वेंडर हटाएंगे बैनर-पोस्टर, नगर निगम ने जारी किया टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में अवैध बैनर, पोस्टर और फ्लैक्स से शहर को मुक्त कराने नगर निगम ने बड़ा कदम उठाया है। अब सड़कों, स्ट्रीट पोल, डिवाइडर और सरकारी संपत्ति पर लगे बैनर पोस्टर हटाने का काम प्राइवेट वेंडर करेंगे। इसके लिए नगर निगम की ओर से टेंडर जारी किया गया है। इसमें ठेकेदारों को 20 नवंबर तक आवेदन जमा करने होंगे। टेंडर 21 नवंबर को खोला जाएगा।

दरअसल शहर की सुंदरता को बिगाड़ रहे अवैध बैनर, पोस्टर और फ्लैक्स को हटाना नगर निगम के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। बार-बार मनाही के बाद भी अनाधिकृत रूप से प्रचार-प्रसार के लिए स्ट्रीट पोल, डिवाइडर, सरकारी संपत्ति की दीवारों पर बैनर चिपकाने से लोग बाज नहीं आ रहे। इससे एक ओर जहां शहर की खूबसूरती प्रभावित होती है, वहीं दूसरी ओर यातायात व्यवस्था पर भी असर पड़ता है। हालत ये है कि नगर निगम का जोन अमला आए दिन इन अवैध बैनर-पोस्टरों को हटाने में व्यस्त रहता है। अब यह जिम्मेदारी प्राइवेट वेंडरों को सौंपी जाएगी, ताकि शहर को साफ-सुथरा बनाया जा सके।

***प्रति वर्ष 10 लाख खर्च करेगा निगम :*** निगम प्रशासन इस व्यवस्था पर सालाना करीब 10 लाख रुपए खर्च करेगा। शहर में ऐसा पहला मौका है, जब नगर निगम ने बैनर, पोस्टर और अवैध फ्लैक्स हटाने टेंडर प्रक्रिया अपनाई है। इससे नगर निगम के कर्मचारियों को रोजाना इस कार्य में नहीं लगना पड़ेगा, साथ ही शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार होगा।

## शहर में 60 हजार से ज्यादा स्ट्रीट पोल पर पोस्टरों का अंबार

### 60 हजार से ज्यादा स्ट्रीट पोल पर बैनर-पोस्टरों का अंबार

शहरभर में अलग-अलग जगहों पर करीब 60 हजार से अधिक स्ट्रील पोल लगाए गए हैं, जिन पर हर समय विज्ञापन, धार्मिक, शैक्षणिक, राजनीतिक, व्यावसायिक बैनर-पोस्टर चिपकाने से पोल की सुंदरता प्रभावित होती है। इसके साथ ही सार्वजनिक संपत्ति की दीवारों, डिवाइडर और चौराहे अवैध बैनर, पोस्टर से पटे पड़े हैं। इस समस्या को दूर करने नई व्यवस्था बनाने की तैयारी है।




### महापौर ने जीई रोड को घोषित किया है नो फ्लैक्स जोन

महापौर मीनल चौबे ने शहर के प्रमुख मार्ग जीई रोड में तेलीबांधा से टाटीबंध चौक तक नो फ्लैक्स जोन घोषित किया है। इस क्षेत्र में कोई भी फ्लैक्स, बैनर और होर्डिंग्स नहीं लगाया जा सकता। मुख्यालय और जोन स्तर पर इसकी निगरानी की जा रही है। शहर के प्रमुख एंट्री पाइंट होने के कारण बाहर से आने-जाने वालों की नजर इस मार्ग पर रहती है, इसी बात को ध्यान में रखते हुए पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में इस मार्ग को फ्लैक्स फ्री जोन बनाया जा रहा है। प्रयोग सफल होने पर आने वाले दिनों में शहर के अन्य प्रमुख मार्गों को चिन्हांकित कर नो फ्लैक्स जोन का कंसेप्ट लागू किया जाएगा।

# 5 हजार करोड़ रिलीज, छत्तीसगढ़ में 5 करोड़, बिहार में 100 करोड़ से अधिक राशि निवेशकों को लौटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

देशभर के सहारा इंडिया के निवेशकों को उनके डूबे पैसे सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से लौटाए जा रहे हैं। इसके लिए लगातार निवेशकों को राशि लौटाने के लिए फंड भी जारी किया जा रहा है। बीते अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में 5 हजार करोड़ रुपए की राशि सभी राज्यों के निवेशकों के लिए जारी की गई है, लेकिन इस राशि में से छत्तीसगढ़ के निवेशकों को लगभग 8 से 10 करोड़ रुपए की राशि लौटाई गई है, वहीं बिहार के निवेशकों को लगभग 100 करोड़ रुपए से अधिक की राशि लौटाई गई है। हालांकि यह संभावित आंकड़ा है।

- अक्टूबर में रिलीज हुई राशि के बाद अब निवेशकों को 30 हजार से लेकर 50 हजार रुपए तक लौटाई जा रही है

छत्तीसगढ़ सहारा इंडिया ब्रांच के कुछ प्रमुख लोगों ने इस आंकड़े के अनुसार राशि लौटाए जाने की संभावना जताई है। उनका कहना है कि पांच हजार करोड़ की राशि रिलीज जरूर हुई है, लेकिन चुनाव के मद्देनजर सबसे ज्यादा राशि बिहार के निवेशकों को लौटाई गई है। यही वजह है कि इतनी बड़ी राशि रिलीज होने के बाद भी छत्तीसगढ़ में बहुत कम निवेशकों को डूबी राशि मिल पा रही है।

### प्रदेश में लगभग 35 हजार निवेशकों को 40 करोड़ की राशि लौटाई

छत्तीसगढ़ में 25 लाख से ज्यादा परिवारों ने सहारा इंडिया के विभिन्न स्कीमों में 20 हजार करोड़ से अधिक की राशि फंसी हुई है। बताया गया है कि इनमें से अब तक 35 हजार के करीब निवेशकों को 40 करोड़ रुपए से अधिक की राशि लौटाई जा चुकी है। जिन निवेशकों को राशि लौटाई है, वे सभी छोटे निवेशक हैं। बड़े निवेशकों को राशि मिलना अभी तक शुरू नहीं हुआ है। संभवतः वर्ष 2026 से बड़े निवेशकों को भी राशि मिलनी शुरू हो जाएगी।

### दुर्ग के निवेशकों को सबसे ज्यादा रिफंड

प्रदेश में रिफंड की गई राशि में सबसे ज्यादा दुर्ग जिले के निवेशक हैं। इस जिले में सात करोड़ से अधिक राशि लौटाई जा चुकी है। इसके अलावा रायपुर, बिलासपुर, गरियाबंद, मुंगेली, भाटापारा-बलौदाबाजार, रायगढ़, महासमुंद, धमतरी, जांजगीर-चांपा, अंबिकापुर, राजनांदगांव, कवर्धा सहित अन्य कई जिलों में 50 लाख से लेकर 5 करोड़ रुपए तक राशि निवेशकों को लौटाई गई है।



### अक्टूबर में पांच हजार करोड़ रिलीज

जानकारी मिली है कि अक्टूबर में पांच हजार करोड़ रुपए रिलीज हुए हैं, लेकिन चुनाव के कारण बिहार के निवेशकों को अन्य राज्यों की तुलना में सबसे ज्यादा राशि लौटाई गई हैं। छत्तीसगढ़ में बहुत कम निवेशकों को राशि लौटाई गई है।

*- विनय सिंह राजपूत, प्रदेश अध्यक्ष सहारा पीड़ित जमाकर्ता-कार्यकर्ता कल्याण संघ*

### 30 से 50 हजार रुपए तक मिल रही राशि, नववर्ष से 5 लाख तक मिलेगी

सहारा इंडिया रिफंड पोर्टल के माध्यम से अक्टूबर में रिलीज हुई राशि के बाद अब निवेशकों को 30 हजार से लेकर 50 हजार रुपए तक राशि लौटाई जा रही है। इससे पहले निवेशकों को 10 हजार से राशि लौटाने की शुरुआत की गई थी। इसके बाद इस राशि को 20 हजार रुपए किया था। जैसे-जैसे निवेशकों को राशि लौटाए जाने के लिए फंड रिलीज किया जा रहा है, वैसे-वैसे लौटाई जाने वाली राशि में भी वृद्धि की जा रही है। सहारा इंडिया ब्रांच के सूत्रों के अनुसार अक्टूबर में रिलीज हुई राशि के बाद अब निवेशकों को 30 हजार से लेकर 50 हजार रुपए तक लौटाई जा रही है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2026 से इस राशि को बढ़ाकर सीधे 5 लाख रुपए तक किया जाएगा। इस तरह नववर्ष से सहारा में 50 लाख से अधिक डूबी राशि वाले निवेशकों को भी 5 लाख रुपए तक राशि लौटाई जाएगी।

### सहारा इंडिया के मुख्य सहित सभी कार्यालयों के कर्मचारी हड़ताल पर

सहारा इंडिया ब्रांच रायपुर के कुछ प्रमुख लोगों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि दीपावली से पहले सहारा इंडिया के अन्य सभी कार्यालयों के साथ लखनऊ मुख्य ब्रांच कार्यालय भी बंद हो गया है। इस कार्यालय के सभी कर्मचारी दीपावली के पहले ही वेतन नहीं मिलने के कारण हड़ताल पर चले गए हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां पोर्टल के माध्यम से निवेशकों को उनके डूबे पैसे वापस किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कर्मचारियों को ही वेतन नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में देशभर में सहारा इंडिया के ब्रांचों के बंद होने के बाद भी संभाले हुए हैं, उन्हें अब अपनी चिंता सताने लगी है, क्योंकि सैलेरी के साथ उनके भी लाखों-करोड़ रुपए सहारा में फंसे हुए हैं।

# सर्व समाज की बैठक में मूर्ति तोड़े जाने की निंदा, धरना आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के अग्रसेन भवन जवाहर नगर में बुधवार को सर्व समाज की बैठक हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 6 नवंबर को समता कालोनी स्थित भैंसथान मैदान पर सर्व समाज एक दिवसीय धरना देगा। इसमें मांग ये है कि हाल ही में असामाजिक तत्वों द्वारा सनातनी समाज को तोड़ने की साजिश करने वाले और अग्रवाल और सिंधी समाज के आराध्य के लिए अपशब्द कहने वालों जल्द गिरफ्तार किया जाए। इसके लिए शासन से मांग की जाएगी।

- अग्रसेन भवन जवाहर नगर में बैठक

सर्व समाज की बैठक में विगत दिनों वीआईपी चौक पर छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़े जाने की निंदा करते हुए कहा गया कि यह अत्यंत पीड़ादायक है। बैठक में शामिल सभी लोगों ने मांग की है, घटना की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों को दंडित किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह के घटना की पुनरावृत्ति न हो। 6 नवंबर को अग्रसेन चौक समता कालोनी में एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरने में प्रदेश के विभिन्न स्थानों से समाज के लोग शामिल होंगे।

बैठक में सियाराम अग्रवाल, डॉ. उदयभान सिंह चौहान, मनमोहन अग्रवाल, डॉ. अशोक अग्रवाल, कैलाश मुरारका, सिंधी समाज के अध्यक्ष महेश दरयानी, महाराष्ट्र मंडल के अजय काले, अनूप मसंद, अमर पारवानी, किशोर आहूजा, चेतन तारवानी, मनमोहन सिंह सैलानी, राजकुमार राठी, अशोक गुप्ता, स्वामी राजेश्वरानंद, गौतमचंद जैन, श्यामसुंदर खंगन, प्रेम अग्रवाल, अशोक श्रीवास्तव ,तनेश ओझा, सुभाष अग्रवाल, सतपाल जैन, रमेशचंद्र अग्रवाल, सुरेश चौधरी, विनोद अग्रवाल बिसंभर अग्रवाल, संजय चौधरी, योगेश अग्रवाल, मुरली अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, महेंद्र बगडोदिया, विक्रम केवलानी, संजीव अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, कायम सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# आदतन अपराधी तीन माह के लिए जिलाबदर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का आदतन अपराधी प्रवृत्ति के एक युवक के पुराने प्रकरणों को देखते हुए उसे तीन माह के लिए जिला बदर घोषित किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी गौरव सिंह ने आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत आरोपी तीन माह तक बिना सक्षम न्यायालय की अनुमति के रायपुर से लगे जिलों की सीमाओं में भी प्रवेश नहीं कर सकेगा।

- कलेक्टर ने जारी किया आदेश

कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5(ख) के तहत दीपक कालोनी राजेंद्रनगर निवासी जोगिंदर बाघ 19 वर्ष को तीन माह के लिए जिले की सीमाओं से निष्कासित कर जिला बदर करने का आदेश जारी किया है। बताया गया कि उम्र कम होने के बावजूद आरोपी लगातार असामाजिक और आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा था। उसके विरुद्ध कई मामलों में पुलिस कार्रवाई करने के साथ समझाइश दे चुकी है। इसके बाद भी उसकी प्रवृत्ति में सुधार नहीं देखा गया, बल्कि लोगों में उसका खौफ देखा जा रहा था। प्रशासन ने लोगों की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आरोपी के विरुद्ध गोपनीय साक्ष्य और रिपोर्ट के आधार पर उसे जिला बदर किया है।

### एक सप्ताह में पांच जिला सीमा से बाहर जाना होगा

जारी आदेश के अनुसार आरोपी को रायपुर सहित दुर्ग, धमतरी, महासमुंद और बलौदाबाजार जिला की सीमा छोड़ने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। इस आदेश का पालन नहीं करने पर उसके विरुद्ध प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा।

# विधायक मूणत ने महापौर के साथ किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पूर्व कैबिनेट मंत्री और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने महापौर मीनल चौबे तथा एमआईसी सदस्य भोलाराम साहू के साथ बुधवार को संत रामदास वार्ड के कृष्णानगर और रामनगर में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। श्री मूणत ने 8 विभिन्न स्थानों पर करीब 60 लाख रुपए स्वीकृत लागत से बने सामुदायिक भवन की सौगात दी। नगर निगम जोन 7 क्षेत्र में क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत ने 5 लाख रुपए की लागत से कृष्णानगर में आंगनबाड़ी भवन के पास नए मितानिन भवन निर्माण कार्य का श्रीफल फोड़कर भूमिपूजन किया। इसके साथ ही कृष्णानगर में ही नए सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। नागरिकों की सुविधा और उपयोग के लिए जल्द नया शेड निर्माण करवाने उन्होंने जोन 7 के अधिकारियों को निर्देश दिए।

- संत रामदास वार्ड में 8 स्थानों पर 60 लाख के विकास कार्यों की दी सौगात

इस मौके पर महापौर मीनल चौबे, पार्षद भोलाराम साहू, जोन 7 अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा, पार्षद मीना ठाकुर, पूर्व पार्षद और लोधी समाज के पदाधिकारी मोहन उपारकर, मंडल अध्यक्ष सन्नी मोहिले, जोन 7 कमिश्नर राकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मॉपअप राउंड में आज से एडमिशन, 144 स्कोर वाली छात्रा को मिली एनआरआई कोटे की सीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मेडिकल और डेंटल कालेज की बची यूजी सीट पर मॉपअप राउंड में एडमिशन गुरुवार से शुरू होगा। इस राउंड में नीट के 144 स्कोर वाली छात्रा को निजी कालेज में एनआरआई कोटे की सीट आवंटित की गई है। वहीं 125 अंक लाने वाली छात्रा को ओबीसी कोटे से शासकीय मेडिकल कालेज दुर्ग की सीट मिल गई है। 448 के आवंटन लिस्ट के आधार पर प्रवेश की प्रक्रिया 8 अक्टूबर तक पूरी होगी।

- ओबीसी महिला को 125 अंक पर शासकीय सीएमसी दुर्ग की सीट

मॉपअप राउंड की प्रक्रिया एनएमसी से ऑल इंडिया कोटे से प्रवेश लेने वाले की सूची नहीं मिलने की वजह से अटकी थी। बुधवार को एमबीबीएस और बीडीएस की खाली सीटों के आधार पर 448 लोगों की आवंटन सूची जारी कर दी गई। इसके आधार पर शासकीय कालेज में बची गिनती की और निजी कालेजों की बड़ी संख्या में खाली सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा।



आवंटन सूची में बड़ी संख्या में एनआरआई कोटे की सीट शामिल हुई है क्योंकि कुछ कालेजों में सीट बढ़ने और एक की 100 सीटों को हाल ही मान्यता मिली है। इसकी वजह से राज्य, प्रबंधन और एनआरआई कोटे की सीट भी बढ़ी थी।आवंटन सूची में एक निजी मेडिकल कालेज में 144 अंक पाने वाली छात्रा को यूआर कोटे की सीट आवंटित की गई है।

इसके अलावा एसटी कोटे से 140 अंक वाली छात्रा को निजी मेडिकल कालेज की सीट प्राप्त हुई है। दुर्ग के शासकीय मेडिकल कालेज में ओबीसी छात्रा को 125 अंकों के जरिए सीट प्राप्त हुई है। 8 नवंबर को एडमिशन के बाद भी अगर सीटें खाली बचती है तो स्पेशल वेकैंसी राउंड का आयोजन किया जाएगा।

### बीएससी की 5 हजार से ज्यादा सीट खाली आज से संस्था चयन

दूसरे चरण के प्रवेश के बाद बीएससी नर्सिंग की बाकी 5 हजार से ज्यादा सीटों में प्रवेश के लिए मॉपअप राउंड का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए संस्था चयन की प्रक्रिया 6 और 7 नवंबर को पूरी की जाएगी। जनरल कोटे से 50 और आरक्षित वर्ग के लिए प्रवेश परीक्षा में 40 फीसदी अंकों वालों को इसके लिए पात्र माना गया है। ऐसे अभ्यर्थियों की संख्या कम होने की वजह से मॉपअप राउंड में भी सीट भरने की संभावना काफी कम है। पिछले कई सालों से नर्सिंग कालेज वालों की डिमांड पर अंतिम दिनों कटऑफ को कम किया जाता है। इस बार नर्सिंग कालेज एसोसिएशन इसके लिए सक्रिय नहीं हुआ है। चर्चा यह भी है कि कटऑफ कम करने के लिए कई तरह की डिमांड भी आईएनसी की तरफ से निजी कालेजों के सामने रखी जाती है।

# कॉलेज फीस दिए बगैर रविवि की वेबसाइट पर सीधे परीक्षा फॉर्म भर रहे छात्र, प्राचार्यों ने कहा- कौन देगा पैसे?

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महाविद्यालय रविवि की ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था से हलाकान हो गए हैं। दरअसल, रविवि की सेमेस्टर परीक्षाएं नवंबर-दिसंबर से प्रारंभ किए जाने की तैयारी है। इसके लिए परीक्षा फॉर्म भराए जा चुके हैं। रविवि ने आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी है। छात्र सीधे रविवि की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। इसके आधार पर छात्रों के प्रवेशपत्र भी विवि प्रबंधन द्वारा जारी कर दिए जाते हैं। इनमें कई छात्र ऐसे भी होते हैं, जिन्होंने कॉलेज फीस ही नहीं भरी होती है। वे रविवि की वेबसाइट पर जाकर सीधे ही परीक्षा फॉर्म भर देते हैं।

- ऑनलाइन बैठक में शामिल हुए 133 प्राचार्य, गिनाई समस्याएं

प्रवेशपत्र भी ऑनलाइन अपलोड होने के कारण छात्र परीक्षा में सम्मिलित भी हो जाते हैं, लेकिन महाविद्यालयों को फीस नहीं मिल पाती है। इस व्यवस्था को लेकर प्राचार्यों ने अपनी परेशानी साझा करते हुए सिस्टम में बदलाव की मांग की है। मंगलवार को हुई प्राचार्यों की बैठक में यह समस्या रखी गई। इसके पूर्व भी रविवि प्रबंधन से लिखित और मौखिक रूप में कई कॉलेज अपनी समस्या गिना चुके हैं। इसके बाद भी कोई समाधान रविवि नहीं निकाल सका। अंततः प्राचार्य बैठक में यह मुद्दा कई महाविद्यालयों के प्राचार्य ने रखा।



### मॉनिटरिंग जरूरी

विद्यार्थियों ने फीस भरी है अथवा नहीं, इसकी मॉनिटरिंग जरूरी है। हम लंबे समय से इसके लिए प्रयासरत हैं। शुल्क का भुगतान किए बगैर ही छात्र परीक्षा देकर निकल रहे हैं।

*-प्रो.देवाशीष मुखर्जी, सचिव, निजी कॉलेज संघ*

### महाविद्यालयों से मांगी जाएगी सूची

दो दिन पूर्व हुई इस ऑनलाइन बैठक में रविवि से संबद्ध 133 महाविद्यालयों के प्राचार्य शामिल हुए। कुलपति प्रो.सच्चिदानंद शुक्ल ने महाविद्यालयों को व्यवस्था निर्माण के संदर्भ में अश्वस्त करते हुए कहा कि महाविद्यालयों से उन छात्रों की सूची मंगाई जाएगी, जिन्होंने फीस नहीं भरी है। इस सूची के आधार पर विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र रोके जाएंगे। इन छात्रों के प्रवेश पत्र विवि की वेबसाइट पर अपलोड ना करते हुए सीधे महाविद्यालय प्रबंधन को भेजे जाएंगे, जहां फीस भरने के बाद कॉलेज छात्रों को प्रवेशपत्र प्रदान कर सकेंगे। यह स्थिति प्राइवेट महाविद्यालयों में अधिक निर्मित हो रही है। शासकीय महाविद्यालयों में फीस अधिक नहीं होने के कारण छात्र दाखिले के दौरान ही फीस जमा कर देते हैं।

## पेज 11 के शेष ...

### पुन्नी मेला में सैलाब, भीड़...

चलेगा। छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक पुन्नी मेला का क्रेज जबरदस्त रहा। तीन दिवसीय मेले के पहले दिन रायपुर के साथ छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से लोग बड़ी संख्या में मेले का मजा लेने सपरिवार पहुंचे। लोगों ने खारुन नदी के महादेवघाट में डुबकी लगाकर पुण्य स्नान किया और भगवान हाटकेश्वर महादेव के मंदिर में पहुंचकर परिवार के लिए समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।

***खिलौने वाले, मनिहारी सामान, पूजा सामग्री, सौंदर्य प्रसाधन की सामग्री से सजे स्टाल :*** मेला स्थल पर 150 से अधिक छोटे बड़े स्टॉल और तंबू तानकर फुटकर विक्रेता खरीदारों की पसंद के हिसाब से सामग्री लेकर पहुंचे हैं। इनमें बच्चों के लिए खिलौने, महिलाओं के लिए सौंदर्य प्रसाधन सामग्री, मनिहारी समान वाले स्टॉल पर खरीदारी करने लोगों की भीड़ देखी गई। साथ पूजन सामग्री, धार्मिक साहित्य, देवी-देवताओं के आकर्षक फ्रेम वाली फोटो के अलावा तरह-तरह के सजावटी सामग्री लेकर विक्रेता पहुंचे हैं। इन स्टालों में सुबह से लेकर देर शाम तक लोगों की आवाजाही होने से रौनक देखी जा सकती है।

***चूल्हे की आंच पर बन रही तरह-तरह की मिठाई, नमकीन की भी डिमांड :*** महादेवघाट के पास सजकर तैयार पुन्नी मेला में प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी शहर सहित आसपास के गांवों से मिठाई, नमकीन बनाने वाले हलवाई चूल्हा लेकर ताजा खाने-पीने का सामान तैयार करने पहुंचे हैं। चूल्हे की आंच में कहीं गरम-गरम जलेबी निकाली जा रही है, कहीं बरफी, पेड़ा, गुलाब जामुन परात में सजाकर बेचने के लिए रखे गए हैं। इसके साथ ही पारंपरिक सेव गाठिया, नमकीन के साथ तरह-तरह के खाने की सामग्री लोग तंबू में लगाए गए कुरसी और बेंच में बैठकर खा रहे हैं।

***गन्ना, सिंघाड़ा, अमरूद वाले के यहां लगी रही भीड़ :*** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले पुन्नी मेला में गन्ना खरीदने का रिवाज रहा है। इसे देखते हुए आसपास के गांवों से गन्ना बेचने वाले ट्रैक्टर, मेटाडोर में गन्ना भरकर बेचने के लिए मेला स्थल पर डटे हुए हैं। इसके साथ ही सिंघाड़ा, अमरूद, सीताफल, सेव, केला सहित तरह-तरह के फल और मौसमी सब्जियां यहां ग्राहकों के लिए लाई गई हैं।

### फाइटर प्लेन के एयर शो ...

पांच दिन के लिए बंद रखा गया है। बुधवार को सेंध जलाशय के ऊपर फाइटर प्लेन द्वारा एयर शो का आयोजन किया गया। इस दौरान फाइटर प्लेन विमानतल से उड़ान भरकर विभिन्न तरह के करतब लगाते रहे। शो के कारण पांच विमानों की आवाजाही में बदलाव किया गया था। सुबह 10.40 बजे लखनऊ से रायपुर की फ्लाइट सुबह 7.20 बजे लैंड हो गई। वहीं 11.10 बजे रवाना होने वाली भुवनेश्वर की फ्लाइट 7.55 बजे संचालित हुई। सुबह 10.25 बजे उड़ान भरने वाली रायपुर-इंदौर फ्लाइट 9.40 बजे टेकऑफ हो गई। इसी तरह सुबह 11 बजे संचालित होने वाली हैदराबाद फ्लाइट दोपहर 1.28 और सुबह 10 बजे वाली बेंगलुरु फ्लाइट दोपहर 1.38 बजे रायपुर विमानतल से रवाना हुई। यह फ्लाइट गुरुवार को भी री-शेड्यूल की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### पुस्तक और कला प्रदर्शनी में झलकी छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एचएनएलयू) द्वारा विश्वविद्यालय पुस्तकालय में एक विशेष पुस्तक एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस बार प्रदर्शनी का उद्देश्य राज्य स्थापना दिवस को संस्कृति और कला के दृष्टिकोण से मनाना था। यह कार्यक्रम लर्निंग रिसोर्सेज कमेटी एलआरसी और एचएनएलयू के छात्रों के संयुक्त प्रयासों से प्रो. डॉ. विष्णु कोनूरायर, फैकल्टी संयोजक, एलआरसी के मार्गदर्शन में हुआ। इसी दौरान छात्रों ने कहा कि यह प्रदर्शनी न केवल सुसंगठित और सूचनाप्रद थी, बल्कि इससे उन्हें छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत के प्रति नई समझ और सम्मान प्राप्त हुआ। प्रदर्शनी में स्थानीय कलाकारों की चित्रकृतियों का मनमोहक प्रदर्शन किया गया, जिनमें छत्तीसगढ़ की जनजातीय परंपराओं और सांस्कृतिक विविधता को जीवंत रूप में चित्रित किया गया था। प्रदर्शनी में कुलपति प्रो. डॉ. वीसी विवेकानंदन, कुलसचिव डॉ. दीपक कुमार श्रीवास्तव, प्रो. डॉ. विष्णु कोनूरायर एवं अन्य प्राध्यापकों की उपस्थिति रही।

### धर्मदास साहब का मनाया प्रगट दिवस, चौका-आरती की



**रायपुर।** गुरु कबीर साहब के परम शिष्य धर्मदास साहब का 629 वां प्रगट दिवस और गुरु कबीरधाम अम्लेश्वर का 24वां स्थापना दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम सतगुरु कबीर धर्मदास वंशावली सेवा समिति एवं केडीवी मिशन द्वारा अम्लेश्वर, भोथली में बुधवार को हुआ। इस कार्यक्रम में रायपुर सहित आसपास के सभी क्षेत्रों से हजारों की संख्या में कबीरपंथी अनुयाई पहुंचे। आयोजक समिति और मिशन के पदाधिकारी में बताया है कि कार्यक्रम के दौरान सुबह 8 बजे गुरु महिमा पाठ से शुरू हुआ एवं सत्संग भजन चलता रहा। साथ ही शाम को गुरु गोस्वामी भानुप्रताप साहेब के कमलों से चौका-आरती की गई। साथ ही भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### 21 कुंडीय यज्ञ-हवन भण्डारे का आयोजन



**रायपुर।** राजधानी के वीआईपी रोड स्थित संत आशाराम आश्रम में 21 कुंडीय यज्ञ-हवन का आयोजन किया गया। मंत्रोच्चार के साथ साधक परिवारों द्वारा पूजा अर्चना कर आरती की गई। इसके बाद सामूहिक माला पूजन का आयोजन भी किया गया इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भंडारा रखा गया। भंडारा में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

# विद्यार्थियों के लिए स्थानांतरण प्रमाण पत्र पर काउंटर सिग्नेचर जरूरी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

सीबीएसई स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए अब स्थानांतरण प्रमाण पत्र पर काउंटर सिग्नेचर की जरूरत नहीं होगी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सभी संबद्ध स्कूलों को निर्देश दिया है कि वे ट्रांसफर सर्टिफिकेट पर काउंटरसिग्नेचर के लिए अब मुख्यालय या क्षेत्रीय कार्यालय को कोई अनुरोध न भेजें।

बोर्ड ने पहले ही यह प्रक्रिया बंद कर दी थी, जिसमें एक सीबीएसई स्कूल से दूसरे सीबीएसई स्कूल में ट्रांसफर के समय टीसी पर काउंटरसिग्नेचर की आवश्यकता होती थी। सीबीएसई के मुताबिक, "बोर्ड के मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों को अब भी कुछ स्कूलों से ट्रांसफर सर्टिफिकेट पर काउंटरसिग्नेचर के अनुरोध मिल रहे हैं। स्कूलों द्वारा सीबीएसई के दिशा-निर्देशों का पालन न करना न केवल अभिभावकों और छात्रों के लिए असुविधा पैदा करता है, बल्कि डिजिटलीकरण के इस युग में प्रक्रिया को भी बाधित करता है।"

## बोर्ड ने कहा, डिजिटलीकरण की प्रक्रिया होती है बाधित

### स्कॉलरशिप के लिए आवेदन 20 तक

बोर्ड ने सिंगल गर्ल चाइल्ड के लिए सिंगल गर्ल मेरिट स्कॉलरशिप स्कीम के लिए एप्लीकेशन जमा करने की आखिरी तारीख 20 नवंबर तक बढ़ा दी है। यह उन छात्राओं पर लागू होता है जो अपने माता-पिता की इकलौती संतान हैं और जिन्होंने कक्षा दसवीं की परीक्षा में 70 प्रतिशत या इससे अधिक अंक हासिल किए हैं। इसके अलावा, परिवार की सालाना इनकम 8 लाख रुपए से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आवेदन के दौरान इनकम का नोटराइज्ड सेल्फ-डिक्लेरेशन ऑनलाइन अपलोड करना होगा।




### विद्यालय दोहरा रहे गलतियां

सीबीएसई ने अपने निर्देश में कहा है कि अब किसी भी ट्रांसफर सर्टिफिकेट पर काउंटरसिग्नेचर की जरूरत नहीं है और सभी स्कूलों को इस निर्देश का पालन करना अनिवार्य है। नए निर्देश के मुताबिक, अब सीबीएसई स्कूल से दूसरे सीबीएसई स्कूल में छात्र का ट्रांसफर होने पर टीसी पर किसी प्रकार की मुहर या काउंटरसिग्नेचर की आवश्यकता नहीं होगी। स्कूलों को मुख्यालय या रीजनल ऑफिस को टीसी भेजने की जरूरत नहीं है। यह निर्णय प्रक्रिया को डिजिटल और सरल बनाने के लिए लिया गया है। सीबीएसई द्वारा पूर्व में ही नियमों से अवगत कराए जाने के बाद भी स्कूलों द्वारा गलतियां दोहराए जाने के कारण बोर्ड ने फिर से स्थिति स्पष्ट की है।

## हर साल खुले कुंए में गिरने से 15 से 20 वन्यजीवों की होती है मौतें

# वनक्षेत्र से सटे गांवों में कितने खुले कुएं व दलदली जमीन, विभागीय अफसरों को नहीं है जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर


हरिभूमि सरोकार

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर भी वन विभाग के अफसर ओपन वेल (खुला कुंआ) में सुरक्षा दीवार खड़ी करने गंभीर नहीं हैं। विभागीय अफसरों को राज्य के अलग-अलग वनमंडल के वनक्षेत्र में कितने खुले कुंआ होने के साथ दलदली जमीन है, इसकी जानकारी नहीं है। साथ ही वनक्षेत्र के गैर जरूरी कुंओं को पाटने का काम विभागीय अफसरों को कराना है। वह भी इनके द्वारा नहीं किया जा रहा है। इसके कारण मूक वन्यजीव खुले कुंए मे गिर रहे हैं। यही कारण है कि बलौदाबाजार वनमंडल के बारनवापारा के खुले कुंए में एक साथ एक शावक सहित तीन हाथी गिर गए, जिसे रेस्क्यू कर निकालना पड़ा।

कांकेर तथा भानुप्रतापपुर के वनक्षेत्र में 20 हजार के करीब खुला कुंआ है। इसी तरह से जशपुर, तथा सरगुजा क्षेत्र के वनक्षेत्र में रहने वाले ज्यादातर ग्रामीण बोरवेल की जगह कुंए से पानी लेते हैं, सभी कुंए ओपन हैं। वन्यजीव पानी की तलाश में कुंआ में कूद जाते हैं या शिकार के दौरान गिर जाते हैं। रहवासी क्षेत्र के कुंए में गिरे वन्यजीव को रेस्क्यू कर लिया जाता है। वनक्षेत्र में गिरे वन्यजीवों की खुले कुंए में गिरने की जानकारी नहीं मिलने पर वन्यजीवों की डूबने से मौत हो जाती है। बारनवापारा में जिस खुले कुंए में हाथी गिरे थे, उन हाथियों की चिंघाड़ की वजह से लोगों को कुंए में हाथी गिरने की जानकारी मिली।







■ सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी कुंओं में सुरक्षा के लिए बाउंड्री खड़ी करने के साथ ढकने नहीं किया जा रहा प्रयास



*कैंपा मद से मिले थे 34.5 करोड़ रुपए : चालू वित्त वर्ष में अलग-अलग वनमंडल में 1068 कुंओं में सिक्यूरिटी वाल खड़ी करने कैंपा मद से साढ़े 34 करोड़ रुपए मिले हैं। उक्त राशि में से कांकेर वनमंडल के छोड़ अन्य वनमंडल के अफसरों ने अपने क्षेत्र के खुले कुंओं में सुरक्षा दीवार खड़ी करने कोई रुचि नहीं दिखाई। कैंपा मद ने सभी वनमंडलों को राशि भी जारी कर दी है।*

### गणना हो चुकी है

ओपन वेल की गणना हो चुकी है, सुरक्षा दीवार खड़ी करने पैसा मिलने लगा है। वन तथा वनक्षेत्र से सटे गांव के ओपन वेल में जल्द ही सुरक्षा दीवार खड़ी की जाएगी।

\- **अरुण कुमार पाण्डेय,** पीसीसीएफ, वाइल्ड लाइफ


### जीपीएस की मदद से गणना करानी होगी

*किस वनक्षेत्र में कितना कीचड़ युक्त दलदली जमीन के साथ खुले कुंए हैं, इसकी जानकारी जीपीएस की मदद से जुटाई जा सकती है। इसके बाद कार्ययोजना बनाकर खुले कुंओं के ऊपर कवर ढकने से लेकर सुरक्षा दीवार खड़ी करने की बात जानकार बता रहे हैं। जानकार सवाल उठा रहे हैं कि बलौदाबाजार वनमंडल हाथी प्रभावित क्षेत्र है। जिस कुंए में शावक सहित तीन हाथी गिरे, उस कुंए की चौड़ाई कितनी रही होगी। ऐसे कुंओं में जानकार तत्काल सुरक्षा दीवार खड़ी करने की बात कह रहे हैं।*

### कितने वन्यजीव गिरे इसकी भी जानकारी नहीं

*खुले कुंओं में अब तक कितने वन्यजीव गिरे, इसकी जानकारी विभागीय अफसरों को भी नहीं है। खुले कुंए में गिरने से वन्यजीव की मौत होने पर विभागीय अफसर पीओआर दर्ज कर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाते हैं। खुले कुंए में गिरे वन्यजीव की मौत की जानकारी लोगों तक नहीं पहुंचती, उसकी विभागीय अफसर पीओआर भी दर्ज नहीं करते।*

# नवनिर्मित घर देरासर में विराजेंगे अलौकिक पार्श्वनाथ परमात्मा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

टैगोर नगर स्थित श्री पार्श्व पद्मावती सच्चियाय मंदिर इन दिनों धार्मिक उल्लास और श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। यहां 6 नवंबर से प्रारंभ हो रहे पंचान्हिका महोत्सव के अवसर पर अलौकिक पार्श्वनाथ परमात्मा की प्रतिमा की अंजनशलाका प्रतिष्ठा संपन्न होगी। यह मंदिर केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे देश में संप्रदाय एकता की अनूठी मिसाल प्रस्तुत कर रहा है। यहां दिगंबर, श्वेतांबर, स्थानकवासी आदि सभी जैन संप्रदायों के आचार्य, साधु-साध्वी भगवंतों का निरंतर आगमन होता रहा है और मंदिर ने सदैव सर्वसमभाव का संदेश दिया है। पिछले 15 वर्षों से महेंद्र सागर गदिया परिवार द्वारा पार्श्वनाथ परमात्मा, पद्मावती माता एवं सच्चियाय माता की अखंड सेवा, पूजा एवं भक्ति का क्रम निरंतर जारी है। समाज में एकता और समरसता का यह उदाहरण देखकर उपाध्याय प्रवर अध्यात्मयोगी महेंद्र सागर एवं युवामनीषी मनीषसागर की पावन निश्रा में उनके सुशिष्य विनम्र सागर ने इस घर देरासर को "अलौकिक" नाम प्रदान करने की प्रेरणा दी।

■ पंचान्हिका महोत्सव आज से शुरू होगी, अंजनशलाका प्रतिष्ठा भी

### विवेकानंद नगर जैन मंदिर से 9 को निकलेगा भव्य वरघोड़ा

अभिषेक गोलछा ने बताया कि 6 नवंबर से आरंभ हो रहे पंचान्हिका महोत्सव में उपाध्याय प्रवर और पंकज चोपड़ा के निर्देशन में अंजनशलाका प्रतिष्ठा के समस्त विधान संपन्न होंगे। 9 नवंबर को विवेकानंद नगर जैन मंदिर से भव्य वरघोड़ा निकलेगा, जो नवनिर्मित घर देरासर तक पहुंचेगा। 10 नवंबर की मध्यरात्रि में पार्श्वनाथ परमात्मा, गौतम स्वामी एवं दादा गुरुदेव की प्रतिमाओं का अंजनविधान संपन्न होगा। प्रातः शुभ मुहूर्त में प्रतिष्ठा समारोह में नगर के साधु-साध्वी भगवंतों की उपस्थिति रहेगी।

# नियमितीकरण और स्थायीकरण सहित 5 सूत्रीय मांग, अनियमित कर्मचारी करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ अनियमित कर्मचारी फेडरेशन प्रदेशभर के विभिन्न विभागों में कार्यरत अनियमित कर्मचारियों की 5 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन करेगा। दिसंबर में बड़े पैमाने पर धरना प्रदर्शन करने का निर्णय फेडरेशन की बैठक में लिया गया है। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में कार्यरत अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण, स्थायीकरण, निकाले गए कर्मचारियों की बहाली, कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन दिए जाने और अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्णकालीन करने की मांग शामिल है। इसी तरह आउट सोर्सिंग के माध्यम से नियोजन सिस्टम को बंद करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई जाएगी। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू का कहना है, प्रदेश के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में एक अरसे से सेवा देने वाले अनियमित कर्मचारी शासन की जनहितकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, इसके बाद भी उन्हें सम्मानजक वेतन नहीं दिया जा रहा है। मांगों की अनदेखी से नाराज अनियमित कर्मचारी दिसंबर में फेडरेशन के आव्हान पर आंदोलन करेंगे।

■ दिसंबर में धरना प्रदर्शन का ऐलान

### प्रमुख मांगें इस तरह

- नियमितीकरण की मांग।
- निकाले गए कर्मचारियों की बहाली जल्द हो।
- न्यून मानदेय पाने वाले कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन दिया जाए।
- अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्णकालीन करने की मांग।
- आउट सोर्सिंग/ठेका/सेवा प्रदाता/समूह-समिति के माध्यम से नियोजन सिस्टम बंद कर विभाग में समायोजन।

# कमाऊ पूत साबित हो रहा पुलिस का यातायात महकमा, दस माह में वसूले 12.11 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने वाला यातायात महकमा विभाग का कमाऊ पूत साबित हो रहा है। ट्रैफिक पुलिस ने पिछले दस माह में ट्रैफिक उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से 12.11 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि समन शुल्क के रूप में वसूल की है। बावजूद इसके विभाग संसाधान तथा बल की कमी से जूझ रहा है। राजधानी में वर्तमान में दो हजार के करीब ट्रैफिक पुलिस के जवानों की जरूरत है। ट्रैफिक पुलिस के पास वर्तमान में महज चार सौ के करीब बल है।

नवा रायपुर में नया विधानसभा भवन बनने के साथ ही राज्यपाल तथा मंत्रियों के लिए अलग से बंगलों का निर्माण कंपलीट हो गया है। आने वाले समय में राज्यपाल सहित तमाम मंत्री नवा रायापुर के बंगले में शिफ्ट हो जाएंगे। उनकी सुरक्षा के लिए अतिरिक्त बल की जरूरत होगी। वर्तमान में ज्यादातर मंत्री तथा राज्यपाल पुराने शहर में हैं। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस स्थानीय स्तर पर व्यवस्था बनाकर ट्रैफिक पुलिस को ट्रैफिक मैनेजमेंट करने के साथ ही वीआईपी के लिए रोड क्लीयर करने का काम कर लेती है। नवा रायपुर शिफ्ट होने के बाद यह संभव नहीं होगा।



■ जरूरत पड़ने पर ट्रैफिक के पास अतिरिक्त बल नहीं

*आए दिन वीआईपी ड्यूटी में लगाना पड़ता है बल : राजधानी होने के कारण रायपुर में आए दिन वीवीआईपी का मूवमेंट होता है। इसके अलावा राजधानी में क्लास-1 वर्ग के अफसर रहते हैं। जितने क्लास-1 अफसर और मंत्री हैं, उनकी सुगम आवाजाही करने आधे से ज्यादा ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाती है। इससे शहर के प्रमुख चौराहों को छोड़ अन्य स्थानों पर ट्रैफिक कंट्रोल करने बल उपलब्ध नहीं होता।*

### दीपावली के साथ कई मौकों पर दुर्दशा का शिकार हुआ शहर

दीपावली के समय ट्रैफिक पुलिस ने शहर को ट्रैफिक जाम से बचाने जो प्लान तैयार किया था, वह धरा का धरा रह गया। इसकी वजह दीपावली के समय कई जगहों पर वीवीआईपी लोगों का कार्यक्रम था। वीवीआईपी लोगों के प्रोग्राम को देखते हुए उनके आने-जाने के लिए ट्रैफिक पुलिस के आधे से ज्यादा जवानों की तैनाती करनी पड़ी। इसके कारण सदर बाजार से लेकर मालवीय रोड सहित शहर के ज्यादातर क्षेत्र के रहवासी जाम में बुरी तरह से फंसते रहे।

### एक नजर कार्रवाई जुर्माना वसूली

| वर्ष | कार्रवाई | जुर्माना |
|---|---|---|
| 2020 | 81288 | 3,51,31,900 |
| 2021 | 67063 | 2,91,86,800 |
| 2022 | 88183 | 4,77,70,400 |
| 2023 | 111031 | 8,99,46,650 |
| 2024 | 97187 | 10,75,44,350 |
| 2025 | 121853 | 12,11,37,300 |

### महादेव घाट में लगा लंबा जाम

*बुधवार को नवा रायपुर में राज्योत्सव के उपलक्ष्य में सूर्य किरण एयर शो के अलावा उपराष्ट्रपति का आगमन हुआ। इसके साथ ही बुधवार को महादेव घाट में हर वर्ष लगने वाला पुन्नी मेला का आयोजन था। शहर में एक ही दिन में दो बड़े ईवेंट होने की वजह से ट्रैफिक पुलिस के जवानों की नवा रायपुर में ड्यूटी लगाई गई। इसके कारण महादेव घाट रोड में सुबह से लेकर दोपहर तक जाम की स्थिति रही। पैदल चलने वाले लोग भी काफी मशक्कत के बाद घाट पहुंच पाए।*

# सहकारी बैंकों की 73 शाखाओं के कर्मी आज रहेंगे हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से संबंधित 73 शाखाओं के कर्मी 6 नवंबर को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। कर्मियों का दावा है, उनके हड़ताल पर जाने से इन शाखाओं में ताले लटके नजर आएंगे।

ज़िला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारी संघ आंदोलन के तृतीय चरण में 6 तारीख को रायपुर, बलौदा बाजार, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद, सारंगढ़ - बिलाईगढ़ की समस्त 73 शाखाओं में कर्मचारियों का सामूहिक अवकाश रहेगा, जिससे बैंकों में ताले लटके रहेंगे।

### इसलिए हो रहा है ये आंदोलन

कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में वार्षिक वेतन वृद्धि को लेकर क्रमबद्ध तरीके से आंदोलन जारी है जिसके तहत समस्त कर्मचारी परिवार नोडल कार्यालय जिला मुख्यालय में अपनी मांग को पूरा कराने कार्यालयीन समय 10.30 से संध्या 5.30 तक नारेबाजी हड़ताल आंदोलन करेंगे। इनका कहना है कि हमने सरकार से वेतन वृद्धि मांग की। मांग पूरी नहीं करने पर उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर गुहार लगाई थी। कोर्ट की एकल पीठ और युगल पीठ में कर्मचारियों की जीत हुई, स्पष्टीकरण याचिका में भी जवाब तलब किया,5 वर्षों का वेतन एरियर्स देने आदेश हुआ, उसके बावजूद हमें वेतन का लाभ नहीं दिया जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ में 2828 नए मतदान केंद्र बनाने का फैसला, खुलेंगे नए केंद्र, संख्या होगी 27199

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में एक तरफ एसआईआर सर्वे शुरू हो रहा है, तो दूसरी तरफ मतदाताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बूथों की संख्या भी बढ़ाई जा रही है। छत्तीसगढ़ में आने वाले विधानसभा चुनाव में मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ेगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने 2828 नए मतदान केंद्र बनाने का फैसला किया है।

बताया गया है कि मतदान केंद्रों पर मतदाता अपने मत का उपयोग कर सके, माना जा रहा है कि आने वाले विधानसभा चुनाव तक यह प्रक्रिया लागू हो जाएगी। छत्तीसगढ़ में दूसरी तरफ एसआईआर सर्वे का काम भी शुरू हो रहा है, जिसके लिए निर्वाचन आयोग ने तैयारियां कर ली हैं। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन विभाग ने इस बार 2828 नए मतदान केंद्र स्थापित करने की घोषणा की है, इन नए केंद्रों के जुड़ने से राज्य में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 24371 से बढ़कर 27199 हो जाएगी। निर्वाचन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, नए मतदान केंद्र मुख्य रूप से उन इलाकों में बनाए जा रहे हैं, जहां जनसंख्या घनत्व बढ़ा है या प्रति बूथ मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक हो गई है। साथ ही जिन क्षेत्रों में पिछली बार मतदाता दूरी या भौगोलिक कठिनाइयों के कारण मतदान नहीं कर पाए थे, वहां भी विशेष रूप से केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

### 2028 के विधानसभा चुनाव में होगा लागू

छत्तीसगढ़ में वर्तमान में लगभग 2.80 करोड़ मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें से करीब 12 लाख युवा पहली बार मतदान करेंगे। आयोग को उम्मीद है कि नए मतदान केंद्रों की स्थापना से इस बार मतदान प्रतिशत में 3 से 4 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। 2028 में छत्तीसगढ़ में अगले विधानसभा चुनाव होंगे।

### ग्रामीण इलाकों और नक्सल प्रभावित जिलों में बनेंगे

*मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि इस बार दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. हर नए मतदान केंद्र पर व्हीलचेयर, रैंप, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि सभी मतदाता बिना किसी असुविधा के मतदान कर सकें. निर्वाचन आयोग की योजना के तहत, नए केंद्रों में लगभग 45 प्रतिशत ग्रामीण इलाकों में और 25 प्रतिशत नक्सल प्रभावित जिलों में स्थापित किए जाएंगे। आयोग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी मतदाता को अपने घर से मतदान केंद्र तक जाने के लिए दो किलोमीटर से अधिक दूरी तय न करनी पड़े. सभी मतदान केंद्रों पर इस बार सभी तरह की सुविधाएं होंगी।*






रायपुर, गुरुवार 6 नवंबर 2025
हरिभूमि लाइव





नवा रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत महोत्सव की अंतिम श्रृंखला को यादगार बनाने उमड़ा जनसैलाब

# सेना के फाइटर जेट की गर्जना से थर्राया आसमां

'नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत महोत्सव की अंतिम कड़ी को यादगार बनाने सुबह से देर-रात तक आयोजनों की श्रृंखला सजी। सुबह सेना के शौर्य ने जनसैलाब को जहां रोमांचित किया, वहीं फाइटर जेट की गर्जना से आसमान भी थर्राया। छत्तीसढ़ की संस्कृति की छाप छोड़ने में लोक कलाकारों ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। शाम को प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाली विभूतियों को मंच पर अलंकरण से नवाजा गया। इसके बाद बॉलीवुड स्टार कैलाश खेर ने लाइव कंसर्ट में रसिक श्रोताओं को झूमने के लिए मजबूर किया।'



**रायपुर।** सेंध लेक, नवा रायपुर के आकाश में एयर शो में भारतीय वायु सेना के नौ हॉक-मार्क-123 फाइटर विमानों ने गरजना के साथ उड़ान भरी। इन फाइटर विमानों की तेज वेग और शौर्य प्रर्दशन देख वहां मौजूद जनसैलाब रोमांचित हो उठा। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर बुधवार को सुबह 11.30 बजे नवा रायपुर के सेंध जलाशय के ऊपर भारतीय वायु सेना की प्रतिष्ठित एरोबेटिक सूर्यकिरण की टीम ने करीब 1 घंटे तक रोमांचक एयर शो का प्रदर्शन किया। सेंध जलाशय के ऊपर वायु सेना के फाइटर प्लेन्स ने एक के बाद एक कई हवाई करतब दिखाए। आसमान में पंछियों के झुंड की तरह बिल्कुल क्रम से उड़ने वाले फाइटर प्लेन्स के माध्यम से वायु सेना के जाबांजों ने अपने नियंत्रण और शौर्य का अद्भुत प्रदर्शन किया। विमानों के माध्यम से जब आकाश में तिरंगा लहराया तो सेंध जलाशय भारत माता की जय-जयकार से गूंज उठा। एयर शो के दौरान सूर्यकिरण टीम के लीडर ग्रुप कैप्टन अजय दशरथी ने आसमान से छत्तीसगढ़वासियों को रजत महोत्सव की बधाई दी। वहीं, छत्तीसगढ़ निवासी भारतीय वायु सेना के स्क्वाड्रन लीडर गौरव पटेल ने सेंध जलाशय के ऊपर अपने कॉकपिट से 'जय जोहार' और 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया' कहकर दर्शकों का अभिवादन किया। इस ऐतिहासिक, हैरतअंगेज और रोमांचकारी दृश्य व क्षण का गवाह बनने सैकड़ों की संख्या में शहरवासी एयर शो देखने परिवार व दोस्तों के साथ पहुंचे। वहीं, उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने। इसके अलावा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित विभिन्न निगमों, मंडलों और आयोगों के पदाधिकारी भी एयर शो देखने मौजूद रहे।

## गरूड़ कमांडोज रस्सी पर लटककर हवा में उड़ दिखाया सैन्य ऑपरेशन की जांबाजी

सूर्यकिरण टीम ने अनुशासन, परस्पर विश्वास, सटीकता और उत्साह के साथ कलाबाजी दिखाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। सेंध जलाशय में मौजूद हजारों दर्शक पायलटों के हैरतअंगेज साहस और करतबों को देखकर मंत्रमुग्ध होते रहे। विंग कमांडर एव्ही सिंह के नेतृत्व में वन-एफ-9 और वन-एफ-8 हेलीकॉप्टर यूनिट ने वी-17 और वी-5 हेलीकॉप्टरों से स्लीपरी और स्काई-ऑपरेशन के करतब दिखाए। 'आदिदेव' नाम के इन हेलीकॉप्टरों से केवल 15 मीटर ऊंचाई पर स्थिर रहकर 14 गरूड़ कमांडोज रस्सी के सहारे नीचे उतरे। वहीं, स्काई-ऑपरेशन के दौरान आठ गरूड़ कमांडोज रस्सी पर लटककर हेलीकॉप्टर से दर्शकों के सामने से आकाश में उड़ते हुए गुजरे। इन दोनों ऑपरेशनों को लड़ाई और आपदा के दौरान जनसामान्य को बचाने के लिए किया जाता है।









## दिल की आकृति बनाकर 25वें राज्योत्सव की शुभकामनाएं दी

वायु सेना के जांबाज फाइटर पायलटों ने आसमान में दिल की आकृति बनाकर 25वें राज्योत्सव की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने तिरंगे के तीन रंगों से डीएनए की आकृति बनाकर तिरंगे के प्रति अपना सम्मान प्रस्तुत किया। उन्होंने 360 में फाइटर जेट उड़ाते हुए उल्टा जेट भी उड़ाया। तेजस और युवाओं को समर्पित अंग्रेजी अक्षर 'वाई' की आकृति बनाने के साथ ही कई करतब दिखाए। टीम का प्रदर्शन केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि युवाओं में देशप्रेम, साहस और भारतीय सशस्त्र बलों में सेवा की प्रेरणा जगाने का संदेश भी देता है।



## बगड़ बम बबम ... के साथ राज्योत्सव का समापन



राज्योत्सव के समापन कार्यक्रम के अंतिम दिन बुधवार को मुख्य सांस्कृतिक मंच पर बालीवुड के सिंगर कैलाश खैर की सूफियाना आवाज का जादू बिखरा। सिंगर कैलाश खैर की शिव भक्ति गीत बगड़ बम बबम बम बबम बम बम लहरी....जय जयकारा, जय जयकारा स्वामी देना साथ हमारा....जैसे लोकप्रिय गीतों की मनमोहक प्रस्तुति से दर्शक मंत्रमुग्ध होकर झूमने लगे। रात्रि 9 बजे बॉलीवुड सिंगर ने अपनी फोक गीतों व सूफियाना भक्ति गीतों से नवा रायपुर की फिजां को भक्तिमय बना दिया। पुरात्व विभाग के घासीदास संग्रहालय सभागृह में आयोजित प्रेस वार्ता में बालीवुड सिंगर कैलाश खैर से हरिभूमि ने पूछा कि वह लगातार छत्तीसगढ़ में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने आते रहते हैं, इतना लगाव आपके हृदय में छत्तीसगढ़ की कौन सी दृश्य बस गई है और आज रजत जयंती महोत्सव पर अपने कौन से गीत से ट्रीब्यूट देंगे? इस पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ प्राकृतिक सौंदर्य व आध्यात्मिकता को सहेजा हुआ भूमि है। मैंने सड़क, रेल व हवाई तीनों मार्ग से यहां भ्रमण किया है। यहां की मैनपाठ की फिजा के क्या कहने। संस्कृति विभाग में रूद्र शिव की प्रतिमा में प्रकृति की झलक देखी है। इस तरह से छत्तीसगढ़ मेरे हृदय में बसता है। राज्य स्थापना के 25 बरस पर रजत जयंती महोत्सव की मैं पूरे प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देता हूं।



# रजत अलंकरण से सम्मानित विभूतियों ने बयां की अपनी कहानियां

## 20 हजार महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा



दुर्ग जिला ग्राम बोरसी के लिलेश्वरी साहू को मिनीमाता सम्मान से विभूषित किया गया है। इस पर लिलेश्वरी ने बताया कि उन्होंने अपने क्षेत्र के करीब 20 हजार महिलाओं को ग्रामीण लघु उत्पादों के उत्पादन व विक्रय केंद्र से जोड़ने का अनुकरणीय पहल की है। वह महिलाओं के साथ मिलकर हमर हटरी विक्रय केंद्र का संचालन कर रही हैं। इससे क्षेत्र की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त व आत्मनिर्भर बन रही हैं। लिलेश्वरी को महिला उत्थान एवं जागृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट भागीदारी के लिए राज्य महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण सम्मान 2025 के लिए मिनीमाता सम्मान से सम्मानित किया गया है।

## 37वीं नेशनल गेम में तीरंदाजी खेल में रजत पदक से बढ़ाया मान



जिला राजनादगांव की चांदनी साहू को गुंडाधुर सम्मान से विभूषित किया गया है। चांदनी ने बताया कि उत्तराखंड में आयोजित 37 वीं नेशनल गेम में तीरंदाजी खेल में एकल स्पर्धा में रजत पदक व ग्रुप स्पर्धा में कांस्य पदक जीत कर राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व का सौभाग्य मिला। यही वजह है कि मेरे मेहनत व संघर्ष को राज्य सरकार के खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण सम्मान 2025 के लिए गुंडाधुर सम्मान से नवाजा है।

## मछली पालन से सालाना 50 लाख रुपए की आय प्राप्त कर रहें



जिला रायपुर के सुखदेव दास को बिलासादेवी केंवट मत्स्य विकास पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सुखदेव ने बताया कि वह उन्नत मत्स्य पालन किसान के रूप में वृहत स्तर पर उन्नत मछली पालन पद्धति से मछली पालन व मछली अंडों का ब्रीडिंग और उनका विक्रय का कार्य कर रहे हैं। मत्स्य पालन से वह सालाना 50 लाख रुपए की आमदानी कमा रहे हैं। मछली पालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य मत्स्य विभाग द्वारा उन्हें बिलासादेवी केंवट मत्स्य विकास पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

## जिनके गीत सुनकर बड़ा हुआ, उनके नाम का पुरस्कार पाकर गौरवान्वित हूं



प्रदेश के प्रसिद्ध लोक कलाकार राकेश तिवारी को लक्ष्मण मस्तुरिया सम्मान से अलंकृत किया गया है। इस अवसर पर राकेश तिवारी ने अपनी बचपन की यादें साझा करते हुए कहा कि वह बचपन से ही लक्ष्मण मस्तुरिया के गीत सुनते हुए बड़े हुए हैं। आज उन्हीं लोककला के महान कलाकार विभूति के नाम का सम्मान पाकर मैं गौरवान्वित हूं। प्रदेश के लोककला-संस्कृति में योगदान के लिए राज्य संस्कृति विभाग ने लक्ष्मण मस्तुरिया सम्मान से नवाजा है।

## सम्मान मेरे जैसे लोक कलाकार के लिए नई ऊर्जा देने वाली



राज्य के सुप्रसिद्ध लोक गायक सुनील सोनी को किशोर साहू सम्मान से नवाजा गया है। लोक गायक सुनील सोनी ने पुरस्कार प्राप्त कर कहा कि यह सम्मान मेरे जैसे लोक कलाकार के लिए नई ऊर्जा देने वाली है। इससे और रचनात्मक गीत-संगीत गढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। यह सम्मान हिंदी/ छत्तीसगढ़ी सिनेमा में रचनात्मक लेखन, निर्देशन, अभिनय, पटकथा, निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए संस्कृति विभाग ने प्रदान किया है।

## पहाड़ी कोरवा जनजाति समुदाय को दे रहें संस्कृत की शिक्षा



रायपुर के डॉ. दादू भाई त्रिपाठी को संस्कृति भाषा सम्मान से विभूषित किया गया है। डॉ. दादू भाई त्रिपाठी ने पुरस्कार प्राप्त कर कहा कि उनके द्वारा कोरबा जिले के पहाड़ी कोरवा जनजातीय समुदाय के करीब 25 हजार से अधिक लोगों को संस्कृत भाषा की शिक्षा दी जा चुकी है। इसके लिए संस्कृत भारती संगठन का संचालन किया जा रहा है। इसके माध्यम से छत्तीसगढ़ में संस्कृत भाषा का प्रचार व निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भाषा के क्षेत्र में योगदान के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने सम्मानित किया है।

## स्टील प्लांट में गैस लीक डिटेक्शन सिस्टम में किया नवाचार



दुर्ग जिले के मिथलेश कुमार आदिल को रामानुज प्रताप सिंहदेव स्मृति श्रम यशस्वी पुरस्कार से नवाजा गया है। मिथलेश ने बताया कि भिलाई स्टील प्लांट में गैस रिसाव और स्टोव ब्लास्ट फर्नेस में, ब्लास्ट फर्नेस से निकलने वाली उच्च तापमान वाली गैसों के रिसाव को रोकने और सुरक्षित रखने के लिए, गैस की निगरानी और नियंत्रण करने के लिए सुरक्षा उपाय जैसे गैस लीक डिटेक्शन सिस्टम, ब्लीडर वाल्व आदि को लेकर मेरे द्वारा नया डिजाइन बनाया गया है। इसी नवाचार के लिए राज्य श्रम विभाग की ओर से छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण सम्मान 2025 के लिए रामानुज प्रताप सिंहदेव स्मृति श्रम यशस्वी पुरस्कार दिया गया है।

## 33 सालों से जनजातीय संस्कृति व भाषा के लिए कर रहें काम



जिला उत्तर बस्तर कांकेर के जंगो रायतार विद्या केतुल शिक्षण संस्थान को आदिवासियों की सेवा और आर्थिक विकास में अतुलनीय योगदान के लिए डॉ. भंवरसिंह पोर्ते आदिवासी सेवा सम्मान से अलंकृत किया गया है। संस्था के संस्थापक शेरसिंह आंचला ने बताया कि वह 1992 से संस्था के माध्यम से आदिवासी संस्कृति व सभ्यता, गोंडी भाषा, पर्यावरण, जैव विविधता की शिक्षा जनजातीय समुदाय को दे रहे हैं। इसलिए उन्हें राज्य आदिमजाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग ने छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण सम्मान 2025 प्रदान किया है।

## 1000 से अधिक लोगों का किया निशुल्क विधिक सहायता



रायपुर जिला न्यायालय के अधिवक्ता भरत लाल सोनी को 26 वर्षों से निरंतर जिला न्यायालय में 1000 से अधिक लोगों का निशुल्क कानूनी सलाह व पैरवी कर विधिक सेवा के लिए संयुक्त रूप से बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल सम्मान से नवाजा गया है। अधिवक्ता भरत लाल सोनी ने बताया कि वह आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के नागरिकों, जिन्हें विधिक परामर्श व पैरवी की जरूरत होती है, उनका निशुल्क केस लड़ने में सहायता करता हूं। उन्होंने बताया कि वह 5 वर्षों तक विधिक सेवा पैनल व प्रतिधारक अधिवक्ता भी रहे हैं। विधिक सेवा के क्षेत्र में इस योगदान के लिए विधि विधायी विभाग की ओर से छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण सम्मान 2025 प्रदान किया है।

## इवेंट लाइव

# छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत से स्कूली बच्चों और दिव्यांग बालिका ने मचाई धूम



**रायपुर।** कला संस्कृति समिति की ओर से राजगीत 'अरपा पैरी के धार....' की सुमधुर पेशकश से शुरू हुआ महाराष्ट्र मंडल का राज्योत्सव बेहतरीन प्रस्तुतियों से यादगार बनाया। यादगार इसलिए भी कि ज्यादातर महाराष्ट्रीयन दर्शकों ने न केवल एक प्रस्तुति का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ लुत्फ उठाया बल्कि विभिन्न प्रस्तुतियों को मंचित करने में भी अपनी अहम भूमिका निभाई। चेंबर ऑफ कामर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के मुख्य अतिथ्य से कार्यक्रम और भी गरिमामय हो गया। संत ज्ञानेश्वर विद्यालय की शिक्षिकाओं रचना तिवारी और सरिता दुबे ने छत्तीसगढ़ी में दिलचस्प मंच संचालन किया। उत्सव में 25 वर्षों के सफर को छत्तीसगढ़ में आचार्य रंजन मोड़क ने बहुत अच्छे ढंग से पेश किया। उपाध्यक्ष गीता दलाल के संयोजन में अगली प्रस्तुति कमल विहार - न्यू राजेंद्र नगर कि महिलाओं की छत्तीसढ़ में बारह मासी तीज-त्योहारों को दर्शाने में सफल रही।

### मंच पर कला के हर रंग की झलक

महिलाओं के राउत नाचा में दर्शक भी झूम उठे। सद्गुरु कबीर ने अपने सिद्धहस्त बांसुरी वादन से सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी गीत 'सुन-सुन मोर मया पीरा के, मोर संगवारी रे' की सुंदर पेशकश की। अर्पिता बेडेकर निर्देशित नाटक 'विद्या के अंजोर' ने जीवन में शिक्षा के महत्व को पूरी संजीदगी प्रतिष्ठित किया। इसी प्रकार वल्लभ नगर केंद्र, डंगनिया केंद्र, सुंदर नगर केंद्र, अमलीडीह केंद्र की ओर से शानदार तालमेल के साथ ग्रुप डांस प्रस्तुत किए गए। इसी तरह पर्यावरण समिति, स्कूल ग्रुप नृत्य, एसडीवी के मिडिल स्कूल ने बारहमासी नृत्य से दर्शकों को प्रभावित किया। दिव्यांग बालिका विकास गृह की महालक्ष्मी साहू ने अपने असरदार गायन से आयोजन की शोभा बढ़ाई।

## समाज लाइव

# सनातन हिन्दू एकता यात्रा में शामिल होने चार बसों से रवाना हुए धर्म प्रेमी



**रायपुर।** हिन्दू एकता और सनातन की रक्षा के संकल्प को साकार करने के लिए बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के आह्वान पर सात से सोलह नवंबर के बीच दिल्ली से वृंदावन तक पदयात्रा निकाली जाएगी। इसमें शामिल होने के लिए रायपुर से भी चार बसों में सवार होकर धर्म प्रेमियों का जत्था आयोजन का हिस्सा बनने के लिए बुधवार को सुबह साढ़े सात बजे गुढ़ियारी स्थित हनुमान मंदिर से रवाना हुआ। भाजपा के युवा नेता और समाजसेवी बसंत अग्रवाल की अगुवाई में बागेश्वर धाम शिष्य मंडल के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ से धार्मिक यात्रा में शामिल होने वाले भक्तों को निःशुल्क बसें उपलब्ध कराई गईं। वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, दक्षिण कौशल के पीठाधीश्वर राजीव लोचन दास, पूर्व पार्षद विनोद अग्रवाल, श्रवण शर्मा, प्रकाश माहेश्वरी, आजाद गुर्जर, पुष्पेंद्र उपाध्याय, विवेक अग्रवाल ने भगवा ध्वज दिखाकर बसों को रवाना किया।

### सुविधा का ध्यान रखने के लिए जिम्मेदारी तय

इस अवसर पर आयोजक श्री अग्रवाल ने कहा कि यह पदयात्रा सनातन संस्कृति, राष्ट्र चेतना और सामाजिक एकता का संदेश लेकर आगे बढ़ेगी। गुरुदेव पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म की रक्षा और हिन्दू समाज की एकजुटता के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपना योगदान देने के लिए प्रेरित करना है। यह पदयात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय चेतना का आह्वान है। यात्रा में शामिल होने वाले भक्तों की सुविधा का ध्यान रखने के लिए जिम्मेदारी तय की गई है। उनके भोजन व आवास की संपूर्ण व्यवस्था दिल्ली से वृंदावन तक की पदयात्रा के दौरान की जाएगी।

## सिटी इवेंट

# उजियार हमर चिन्हारी में छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की दिखी झलक



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी संस्कृति को युवाओं से जोड़ने के उद्देश्य से 'उजियार हमर चिन्हारी' का भव्य आयोजन 8 नवंबर को टिकरापारा स्थित हरदेव लाला मंदिर में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में युवाओं के लिए लोक नृत्य कार्यशाला, लोक कला, चित्रकला प्रदर्शनी, मूर्ति कला, छत्तीसगढ़ी वेशभूषा, धान-बांस शिल्प कार्यशाला और गुरतुर गोठ विचार गोष्ठी जैसी गतिविधियां शामिल हैं। शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक सांस्कृतिक संझा में सामूहिक लोक नृत्य होगा। इस दौरान कर्मा, सुआ, ददरिया और राउत नाचा के रंगारंग प्रदर्शन से दर्शक आनंदित होंगे।

### खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से प्रस्तुति

उजियार संस्था के संस्थापक नागेश वर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ की बहुरंगी संस्कृति को उजियार के माध्यम से प्रस्तुत करने का प्रयास है। पिछली बार की तरह इस वर्ष भी नए कांसेप्ट और नवाचार के साथ युवा तैयारी में जुटे हैं। लोक नृत्य कार्यशाला बुधवार को शुरू की गई है, जिसमें गुरु प्रांजल सिंह राजपूत लोक गुरु के रूप में शामिल हुए। कार्यशाला की शुरुआत 6 नवंबर गुरुवार से होगी, जो निरंतर 8 नवंबर तक जारी रहेगी। प्रदेश भर के लोक कलाकार आयोजन में शामिल होंगे। इसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं की विशेष प्रस्तुति होगी।

---

गुरुद्वारों में माथा टेकने के बाद सपरिवार पहुंचे खालसा स्कूल, वाहेगुरु से आशीर्वाद लेकर मुख्य आयोजन का हिस्सा बने लोग

# गुरुवाणी की अमृत धारा से प्रकाश पर्व पर सजा दीवान सुरमयी कीर्तन से संगत हुआ निहाल, दी गई लंगर सेवा

शहर में गुरुनानक देवजी के 557वें प्रकाश पर्व के चलते बुधवार को गुरुद्वारों में माथा टेकने वालों की दिनभर आवाजाही रही। भक्तिभाव से गुरुग्रंथ साहेब से आशीर्वाद लेने के बाद खालसा स्कूल में सजाए गए कीर्तन दरबार और मुख्य आयोजन में लोग सपरिवार शामिल हुए। जहां प्रख्यात कीर्तन जत्थे ने गुरु भक्ति से सराबोर करने सुरमयी कीर्तन की अमृतधारा से सुबह और रात को आयोजित विशेष दीवान में शामिल संगत को निहाल किया। भक्ति की बयार ऐसी बही की श्रोता मंत्रमुग्ध हुए।



### आस्थामय माहौल देने में कोई कसर नहीं छोड़ी

कीर्तनकार भाई कुलदीप सिंह ने भी लोगों को आस्थामय माहौल देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। गुरुभक्ति से सजे उत्सव के बीच दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक गुरु के दरबार में लंगर सेवा दी गई। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पार्षद अमर गिदवानी, छत्तीसगढ़ चेम्बर अध्यक्ष सतीश थौरानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, हरमीत सिंह होरा, अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा और बलदेव सिंह भाटिया शामिल हुए। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से इंदरजीत सिंह छाबड़ा, मनजीत सिंह सलूजा, परमजीत सिंह दत्ता मौजूद थे। आयोजन का सफल संचालन रविन्दर सिंह दत्ता ने किया।



**रायपुर।** अमृतसर से आए कीर्तनकार भाई जनरैल सिंह ने गुन गावां नित तेरे तुझ बिन अवर ना जाना मेरे साहिबा... शबद गायन करते हुए संगत के बीच आस्था का संचार किया। सुबह साढ़े 10 बजे हजूरी रागी जत्था गुरुद्वारा स्टेशन रोड के कुलदीप सिंह ने दीवान शुरू किया। साढ़े 11 से दोपहर 1:30 बजे तक भाई गगनदीप सिंह ने कीर्तन गायन से साध-संगत को निहाल किया। हर साल की तरह खालसा स्कूल और ब्लाइंड स्कूल के बच्चों ने 'धन धन हमारे भाग घर आया पीर मेरा...' शबद गायन किया। इसके बाद भाई जनरैल सिंह अमृतसर दरबार साहेब ने लोगों के बीच गुरुवाणी गायन किया।





### बाबा बुड्ढा साहिब गुरुद्वारे में रहा भक्तिमय माहौल

तेलीबांधा गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहिब के दरबार में माथा टेकने भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय, कोषाध्यक्ष राम गर्ग, महामंत्री नवीन मार्कण्डेय, अमित साहू, नलनीश ठोकने भी पहुंचे। सभी ने श्रीगुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष प्रदेश की खुशहाली और उन्नति के लिए कामना की। साथ ही सभी को उन्होंने प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं भी दी। गुरुद्वारा के अध्यक्ष हरकिशन सिंह और बलदेव सिंह भूई ने अतिथियों को शॉल भेंट करते हुए सम्मानित किया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, सिख काउंसिल के गगन हंसपाल, गुरदीप टूटेजा, सोनू सलूजा, कुलवंत छाबड़ा मौजूद थे।

### दिया आयुष्मान कार्ड और अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र

छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा अल्पसंख्यकों के हितार्थ आयुष्मान कार्ड और प्रमाण पत्र का वितरण व पंजीयन शिविर लगाया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि शिविर में जरूरी कागजी कार्यवाही के बाद अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र बनाकर दिया गया। शिविर में 150 से ज्यादा लोगों को प्रमाण पत्र मिला। एपीएल और बीपीएल कार्ड धारकों को 123 आयुष्मान कार्ड पंजीयन के अलावा 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठजनों के लिए आयुष्मान कार्ड का पंजीयन भी किया गया। इस दौरान अल्पसंख्यक हितों की जानकारी देने वाला पुस्तक भी वितरित किया। इसे सफल बनाने में स्टेशन रोड गुरुद्वारा के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा और सचिव तेजिन्दर सिंह होरा ने सहयोग दिया।

# कार्तिक पूर्णिमा पर खारून नदी में आस्था की डुबकी, महादेव घाट पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**रायपुर।** गंगा स्नान और सुख-समृद्धि की कामना के साथ कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को महादेव घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भोर होते ही खारून नदी का तट भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने आस्था की डुबकी लगाई और भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की मंगलकामना की। ब्रह्म मुहूर्त से ही घाट पर श्रद्धालु पहुंचने लगे। फूलों की सजावट, दीपों की रोशनी और भक्ति गीतों की गूंज से पूरा महादेव घाट एक पावन तीर्थ में बदल गया। लोगों ने नदी किनारे दीप प्रज्ज्वलित किए और उन्हें प्रवाहमान जल में बहाकर आस्था का प्रकाश फैलाया। नदी की लहरों पर तैरते दीपों का दृश्य अद्भुत और मनमोहक रहा, मानो पूरी खारून नदी श्रद्धा से आलोकित हो उठी हो।



### घाट पर आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम

खारून नदी तट पर आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। खारून सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष पिंकेश्वर साहू ने बताया कि इस दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु खारून स्नान के लिए पहुंचे। महादेव घाट का प्रत्येक छोर श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया, जहां लोग सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित कर गंगा स्नान का पुण्य लाभ लेते दिखाई दिए।







### हटकेश्वर महादेव के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हटकेश्वर महादेव मंदिर में देर रात तक भक्तों की भीड़ दर्शन के लिए पहुंची। मंदिर के महंत सुरेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि सुबह 4 बजे से ही मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गए, जिसके बाद मंगल आरती के साथ दिन की शुरुआत हुई। आरती के उपरांत श्रद्धालुओं को जलाभिषेक के लिए मंदिर परिसर में प्रवेश दिया गया। सुबह से लेकर देर रात तक मंदिर में भक्तों का आना-जाना निरंतर जारी रहा। नदी स्नान के बाद श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा और भक्ति भाव से भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए पहुंचे।

# लक्ष्मी-विष्णु भक्तों को इस बार मिलेंगे 5 गुरुवार

**रायपुर।** अगहन मास की शुरुआत इस बार गुरुवार से हो रही है। मास का अंतिम दिन भी गुरुवार ही रहेगा। ऐसे में भक्तों को लक्ष्मी-विष्णु आराधना के लिए पांच गुरुवार मिलेंगे। माह के प्रथम दिवस ही कृत्तिका नक्षत्र और व्यतिपाता योग का संयोग बन रहा है। व्यतीपात योग हिंदू ज्योतिष के अनुसार सूर्य और चंद्रमा की एक विशेष स्थिति है। इस योग में जप, दान और तीर्थ स्नान जैसे शुभ कार्य एक लाख गुना फलदायक माने जाते हैं। पंचांग के अनुसार, मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि बुधवार को शाम 6 बजकर 48 मिनट से शुरू हो गई है। यह तिथि 6 नवंबर दिन गुरुवार को दोपहर 2 बजकर 54 मिनट तक मान्य रहेगी। ऐसे में उदयातिथि के आधार पर मार्गशीर्ष माह का शुभारंभ 6 नवंबर गुरुवार से है। गुरुवार को अभिजीत मुहूर्त 11:39 से 12:22 मिनट तक रहेगा। राहुकाल दोपहर एक बजकर 22 मिनट से 2 बजकर 43 मिनट तक रहेगा। चंद्रमा मेष राशि में संचरण करेंगे।



### प्रातः 8.37 को प्रारंभ होगी पूर्णिमा तिथि

पंचांग के अनुसार, मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 4 दिसंबर को प्रातः 8:37 से शुरू होगी और 5 नवंबर को 4:43 तक रहेगी। ऐसे में मार्गशीर्ष पूर्णिमा 4 दिसंबर को है। 4 दिसंबर को मार्गशीर्ष माह का समापन होगा। 4 व 5 दिसंबर दोनों ही तिथियों में सूर्योदय के समय पूर्णिमा तिथि नहीं रहेगी।चूंकि पूर्णिमा की पूजा विशेष रूप से रात्रि के दौरान की जाती है, इसलिए 4 दिसंबर को ही मार्गशीर्ष पूर्णिमा मनाई जाएगी। गौरतलब है कि मार्गशीर्ष माह जिसे अगहन मास भी कहा जाता है, अत्यंत शुभ माना जाता है। इस वर्ष यह माह 6 नवंबर से शुरू होकर 4 दिसंबर को समाप्त होगा। यह महीना भगवान कृष्ण को समर्पित है और स्वयं भगवान कृष्ण ने भगवद् गीता में इसे सभी महीनों में श्रेष्ठ बताया है।

राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन का आगाज, इसरो के निदेशक डॉ. निलेश देसाई ने साझा किए अपने अनुभव

# जापान और इसरो ने मिशन चंद्रयान -5 पर शुरू किया काम, चांद पर सतह के रहस्य को जानने का प्रयास तेज

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** जापान और इसरो ने मिलकर मिशन चंद्रयान -5 पर काम करना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही चांद पर सतह के रहस्य को जानने का प्रयास भी तेज किया गया है। इसको लेकर कई तरह के नए प्रयोगों से जुड़े अनुभव को साझा करते हुए यह जानकारी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के निदेशक डॉ. निलेश देसाई ने हरिभूमि से चर्चा में साझा की। इससे पहले उन्होंने विधानसभा रोड स्थित एक निजी विद्यालय में बुधवार को 'नेशनल टीचर्स साइंस कॉन्फ्रेंस -2025' एवं 'विक्रम साराभाई स्पेस साइंस एग्ज़िबिशन' का आगाज किया। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ करने के बाद डॉ. देसाई ने देशभर से आए स्कूली विद्यार्थियों के मॉडल्स का अवलोकन करते हुए उनके द्वारा किए गए नवाचार को भी सराहा। प्रदर्शनी में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में अपने नवाचार को भी साझा किया।





### संयुक्त मिशन में चांद के रहस्यों का अध्ययन

डॉ. निलेश देसाई ने बताया कि चंद्रयान-3 की सफलता के बाद युवाओं में अंतरिक्ष विज्ञान और शोध के प्रति लगाव बढ़ा है। पहले इसरो में उम्मीदवारों की सीधी नियुक्ति होती थी, लेकिन अब युवाओं को 2 से 3 माह ट्रेनिंग दी जाती है। इसमें विभागों की प्रत्यक्ष जानकारी दी जाती है, इस तरह की व्यवस्था पहले नहीं थी। उन्होंने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि चंद्रयान-3 की सफलता के बाद इसरो चंद्रयान - 4, चंद्रयान -5, गगनयान, क्वांटम और एमएलएम मिशन पर काम कर रहा है। आने वाले कुछ वर्षों में पूर्ण रूप से तैयार हो जाएगा। डॉ. देसाई ने बताया कि इसरो और जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जैक्सा ने मिलकर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के स्थायी रूप से खोज के लिए चंद्रयान-5 मिशन पर काम कर रहा है। इस संयुक्त मिशन में चांद के उन रहस्यमय स्थानों का अध्ययन शामिल हैं, जहां सूर्य की रोशनी कभी नहीं पहुंच सकती।

### यह मिशन जैक्सा के एच-3 रॉकेट से लॉन्च होगा

उन्होंने आगे बताया कि वहां पानी होने की संभावना सबसे ज्यादा है। इस मिशन में इसरो का लैंडर 350 किलो वजनी जैक्सा रोवर को लेकर चंद्रमा पर उतरेगा। मिशन में चंद्र सतह पर ड्रिलिंग करके नमूनों का प्रत्यक्ष अध्ययन किया जाएगा, ताकि पानी और अन्य खनिजों के प्रमाणों की पहचान हो सके। यह मिशन जैक्सा के एच-3 रॉकेट से लॉन्च होगा और इसकी अवधि 100 दिनों की होगी। अभी गगनयान अंतिम चरण पर है। यह मिशन भारत को उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल करेगा, जिनके पास मनुष्य को अंतरिक्ष में भेजने और सुरक्षित वापस लाने की क्षमता होगी। इसमें 1-7 दिनों में व्यक्ति अंतरिक्ष में जाने के बाद आ पाएगा। टेस्ट पायलेट के तौर पर प्रशांथ बालकृष्शनन नायर, अजित क्रेशनन, अंगद प्रताब और शुभांशु शुक्ला को चुना गया है। इनमें केवल दो को अंतरिक्ष में जाने का मौका मिलेगा।

### चन्द्रयान-3 की सफलता के बाद युवाओं में रूझान

इन दो सालों में अंतरिक्ष क्षेत्र में युवाओं का रूझान बढ़ा है, जहां महिलाओं की संख्या सबसे तेजी से बढ़ रही। इन दिनों इसरो के कई प्रमुख विभाग में 20-22 प्रतिशत महिलाएं काम कर रही हैं। ऐसे में छत्तीसगढ़ में भी कुछ सालों में स्पेश लैब बनने जा रहा है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## महीनों पहले हुई इस फिल्म निर्माता की मौत, अब जाकर हुआ खुलासा



एक खबर ने सबको चौंका दिया है। बताया जा रहा है कि इस साल के शुरू में ही एक फिल्म निर्माता का 40 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। उनकी मौत की खबर अब महीनों बाद दर्शकों के बीच आई है। रिपोर्ट्स से पता चला कि उनका अंतिम संस्कार बिना किसी परिवार या रिश्तेदारों की उपस्थिति में ही किया गया था। जी हां, वो फिल्म निर्माता कोई और नहीं, बल्कि कोरियन इंडस्ट्री के शिन सुंग-हून थे। ओएसईएन की एक रिपोर्ट के अनुसार, शिन का मई में निधन हो गया था। चूंकि उनके किसी रिश्तेदार की पहचान नहीं हो पाई थी, इसलिए उनका अंतिम संस्कार बिना किसी रिश्तेदार के ही कर दिया गया। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला, और न ही किसी पूर्व स्वास्थ्य समस्या की सूचना मिली, जिससे उनकी अचानक मृत्यु से मनोरंजन जगत में शोक की लहर छा गई है। फिल्म निर्माता शिन सुंग हून, जिन्होंने पहली बार एक गायक के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी। 2022 में उन्हें 'ज्‍ञामजा-म्योन', 'थैंक यू' फिल्म के लिए हॉलीवुड ब्लूबर्ड फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक और सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता। बाद में उन्हें 'माइनर्स' और 'गॉड्स चॉइस' के लिए लोगों की प्रशंसा मिली , जिससे उन्हें अलग पहचान दिलाई थी।

### टॉलीवुड

## प्रभास के अलावा 'स्पिरिट' में हुई कोरियन एक्टर की एंट्री, वांगा की फिल्म में मचाएंगे धमाल



साउथ इंडियन सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म 'स्पिरिट' में अब एक रोमांचक मोड़ आया है। इस फिल्म से अब एक कोरियन एक्शन एक्टर जुड़ गए हैं। मेकर्स ने ऐलान किया कि 'ट्रेन टू बुसान' और 'इटर्नल्स' के लिए मशहूर एक्टर डॉन ली ने संदीप वांदा रेड्डी की एक्शन फिल्म 'स्पिरिट' साइन कर ली है। मेकर्स ने उनका स्वागत करते हुए एक पोस्टर जारी किया, जिसमें कैप्शन था ₹#स्पिरिट₹। वहीं फैंस ने कमेंट्स में इस अंतरराष्ट्रीय जोड़ी पर खुशी जताई है। फिल्म 'स्पिरिट' को संदीप रेड्डी वांगा डायरेक्ट कर रहे हैं, जो 'कबीर सिंह' और 'एनिमल' जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं। इस महीने प्रभास के जन्मदिन पर पांच भाषाओं- तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में फिल्म 'स्पिरिट' का 'साउंड स्टोरी' टीजर जारी हुआ था। इस फिल्म में प्रभास और डॉन ली के अलावा विवेक ओबेरॉय और प्रकाश राज भी अहम किरदार में नजर आएंगे। कथित तौर पर पहले दीपिका पादुकोण लीड रोल में थीं, लेकिन शेड्यूल की समस्या से उन्होंने फिल्म छोड़ दी। अब यह रोल तृप्ति डिमरी को मिला है। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी। यह भूषण कुमार और संदीप की भद्रकाली पिक्चर्स का प्रोजेक्ट है। प्रभास के जन्मदिन पर फिल्म 'स्पिरिट' के ऑफिशियल X पेज पर 'स्पिरिट' से उनका लुक जारी किया गया और कैप्शन में लिखा, 'हैप्पी बर्थडे प्रभास अन्ना। हर फैन के लिए पांच भाषाओं में 'साउंड स्टोरी'। सिस्टम उसका रिकॉर्ड जानता है। अब दुनिया उसकी #वनबैडहैबिट जानेगी।

### छॉलीवुड

## बस्तर की माटी की खुशबू, दर्द, संघर्ष और उम्मीदों की कहानी 'माटी' में



निर्माता संपत झा और निर्देशक अविनाश प्रसाद की छत्तीसगढ़ी फिल्म 'माटी' 14 नवंबर को रिलीज होने जा रही है। निर्माता-निर्देशक का कहना है कि उनकी यह फिल्म बस्तर की संस्कृति, संवेदना और प्रेम का सच्चा दस्तावेज़ बनेगी। टीम ने अपनी हर संभव कोशिश की है कि हमारे हर दर्शक को हमर छत्तीसगढ़ और आमचो बस्तर की ₹माटी₹ को करीब से जानने और उस संवेदना को महसूस करने का अवसर मिले जो ₹माटी₹ के हर फ्रेम में बसती है। फ़ल्मि मे मुख्य किरदारों मे महेन्द्र ठाकुर, भूमिका साहा, निर्मल सिँह राजपूत, श्रीधर राव, भूमिका निषाद, राजेश महंती, नीलिमा मानिकपुरी, मनोज पाण्डेय, फातिमा राजपूत, पवन राजपूत, डॉ पूर्णिमा सरोज, आशुतोष तिवारी ने भूमिका निभाई है। फिल्म के डायरेक्टर अविनाश प्रसाद ने बताया यह फिल्म केवल एक प्रेमकथा नहीं, बल्कि उस धरती की आत्मा की पुकार है जिसने दशकों तक हिंसा, संघर्ष और आशा के बीच खुद को संभाला है। फ़ल्मि की एक विशेषता ये भी की फ़ल्मि मे 30 से अधिक आत्मसमर्पित नक्सलियों ने भूमिका निभाई है। इस फिल्म की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें सभी कलाकार स्थानीय ही हैं। कुछ वे भी जो कभी भटके हुए रास्ते पर थे और अब आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौट आए हैं। कई कलाकार शिक्षक हैं, सामाजिक कार्यकर्ता हैं और बस्तर से गहरा भावनात्मक लगाव रखते हैं। पूरी टीम का यह प्रयास केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि बस्तर की रक्त रंजित माटी में घटी अनेकानेक दिल दहला देने वाली घटनाओं को श्रद्धांजलि है। निर्देशक अविनाश प्रसाद कहते हैं- ₹जब हमने कैमरा बस्तर की घाटियों की ओर मोड़ा, तो वहाँ सिर्फ दृश्य नहीं, आत्मा की गहराई तक उतरने वाली अनुभूति मिली। बस 'माटी' उन्ही अनकहे अहसासों और हृदय को छू लेने वाली एहसास की कहानी है। ₹फिल्म में लोकगीत, बस्तर की प्राकृतिक सुंदरता और उस मिट्टी का अपनापन झलकता है जो हर दर्शक के हृदय को छू जाएगा।

### सेरुलीन का जादू



लाइफ स्टाइल

साफ़ आसमान की तरह गहरे नीले रंग को सेरुलीन कहा जाता है और इस मौसम में खिली धूप के साथ इस रंग का जादू कुछ अलग ही नजर आता है। इसके साथ कैमल और चॉकलेट ब्राउन जैसे गर्म न्यूट्रल रंग गहराई और परिष्कार जोड़ते हैं, जबकि बटर येलो या मिंट जैसे पेस्टल रंग एक सामंजस्यपूर्ण कंट्रास्ट बनाते हैं। यह रंग संयोजन ऊर्जा और परिष्कार दोनों का एहसास कराता है।

## झटपट सुलझ जाएंगे उलझे-उलझे बाल, कुछ इस तरह बनाएं हर्बल हेयर डिटैंगलर

अगर आपके बाल अक्सर उलझे रहते हैं और आप उसे बेहद आसानी से सुलझाना चाहती हैं तो ऐसे में आप हर्बल हेयर डिटैंगलर बनाकर तैयार कर सकती हैं। सबसे अच्छा तरीका है कि आप खुद घर पर ही हर्बल हेयर डिटैंगलर बनकर तैयार करें।

### ग्रीन टी और पुदीने से बनाएं हेयर डिटैंगलर

अगर आपकी सेंसेटिव स्कैल्प है तो आप ग्रीन टी, पुदीने और ग्लिसरीन की मदद से हेयर डिटैंगलर बनाकर तैयार कर सकती हैं। जहां, ग्रीन टी बालों को मज़बूत बनाती है, वहीं पुदीने का तेल स्कैल्प को एक फ्रेशनेस का अहसास करवाता है।

### एलोवेरा और लैवेंडर से बनाएं हेयर डिटैंगलर

एलोवेरा और लैवेंडर की मदद से भी हेयर डिटैंगलर बनाया जा सकता है। एलोवेरा बालों को हाइड्रेट करता है, जिससे उन्हें सुलझाना काफी आसान हो जाता है। वहीं, लैवेंडर एसेंशियल ऑयल बालों को एक प्यारी खुशबू देता है। हेयर डिटैंगलर बनाने के लिए सबसे पहले एलोवेरा जेल में पानी डालकर मिक्स करें। अब आप इसमें लैवेंडर एसेंशियल ऑयल डालकर मिक्स करें। तैयार मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में डालकर अच्छी तरह हिलाएं। अब आप इससे बालों पर स्प्रे करें और फिर बालों को सुलझाएं।



### एप्पल साइडर विनेगर और रोज़मेरी से बनाएं हेयर डिटैंगलर

एप्पल साइडर विनेगर स्कैल्प के पीएच को बैलेंस करने के साथ-साथ बालों के क्यूटिकल को चिकना करता है, जिससे उन्हें सुलझाना आसान हो जाता है। वहीं, रोजमेरी बालों की ग्रोथ को बेहतर बनाने के साथ-साथ एक अच्छी सी खुशबू देती है। हेयर डिटैंगलर बनाने के लिए सबसे पहले एप्पल साइडर विनेगर और पानी को मिक्स करें। अब इसमें रोजमेरी एसेंशियल ऑयल डालकर मिक्स करें।


## कार्तिक पूर्णिमा पर तैयार होने इन लुक से लें टिप्स



यदि आप कार्तिक पूर्णिमा पर पारंपरिक अंदाज में तैयार होना चाहती हैं तो कुछ मॉडल से टिप्स लेकर तैयार हों सकती हैं। इस साल 5 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा है। जिसका बहुत ज्यादा धार्मिक महत्व है।

### मोनालिसा का पहला लुक

यदि आप पीले रंग की साड़ी कैरी करने का सोच रही हैं तो मोनालिसा के इस लुक से टिप्स लें। पीले रंग की साड़ी के साथ लाल रंग का ब्लाउज खूबसूरत लगेगा। इसके साथ गोल्ड की ज्वेलरी ही पहनें। उससे आपका लुक अच्छा लगेगा।



### मोनालिसा का दूसरा लुक

लाल रंग काफी शुभ माना जाता है। ऐसे में यदि आप लाल रंग की साड़ी नहीं पहनना चाहतीं तो लाल सूट का चयन करें। लाल रंग का प्लाजो सूट आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा।

### अक्षरा सिंह का पहला लुक

लाल रंग की बनारसी साड़ी हर त्योहार के लिए सबसे बेस्ट विकल्प है। यदि आपके पास ऐसी साड़ी रखी है तो छठ पूजा के दौरान उसे निकाल लें। ऐसी साड़ी पहन रहीं हैं तो बालों में जूड़ा बनाएं और उसपर गजरा लगवाएं। ऐसी साड़ी के साथ भी गोल्ड की ज्वेलरी अच्छी लगेगी।

### अक्षरा सिंह का दूसरा लुक

सिंपल लुक कैरी करना चाहती हैं तो पीले रंग का पैंट सूट पहनें। पीले रंग का ऐसा सूट आपकी खूबसूरती को कई गुना बढ़ा देगा। ऐसे सूट के साथ अपने बालों को खुला रखें, ताकि आपका लुक प्यारा दिखे।

### आम्रपाली का पहला लुक

सुहागिन महिलाएं चटक लाल रंग और गोल्डन रंग की साड़ी के साथ हरे रंग का ब्लाउज पहनें। इसके साथ माथे पर सिंदूर और गले में मंगलसूत्र अवश्य पहनें। अपने इस लुक को भरी-भरी चूड़ियों के साथ ही पूरा करें।

### आम्रपाली का दूसरा लुक

हरा रंग भी पूजा में पहनने के लिए शुभ माना जाता है। ऐसे में आप हरे रंग का ऐसा सूट छठ पूजा के समय कैरी करें। इसके साथ अपने दुपट्टे को फैला कर दोनों तरफ कंधे पर अटैच करें। इसस आपका लुक प्यारा दिखेगा।

## चाहती हैं लंबे समय तक टिका रहे मेकअप तो पहले त्वचा को करें तैयार


मौका त्यौहार का हो या शादियों का, महिलाएं इस दिन नए-नए कपड़े पहनकर अच्छी तरह से मेकअप करती हैं। पर, कई बार ऐसा होता है कि कुछ देर बाद मेकअप खराब होने लगता है। ऐसे में यदि आप अपना मेकअप खराब करना नहीं चाहतीं तो मेकअप से पहले से स्किन को तैयार करें।

### सबसे पहले चेहरा साफ करें

यदि आप चाहती हैं कि आपका मेकअप लंबे समय तक टिका रहे तो सबसे पहले चेहरा अच्छे से साफ करें। चेहरे पर मौजूद तेल, धूल और अन्य गंदगी को हटाने के लिए माइल्ड क्लींजर का उपयोग करें।

### अब मॉइश्चराइजर लगाएं

चेहरा साफ करने के बाद त्वचा को हाइड्रेट करना बेहद जरूरी है। ऐसे में अपने स्किन टाइप के अनुसार मॉइश्चराइजर का चयन करें और उसे हल्के हाथों से चेहरे पर लगाएं। इससे मेकअप सही से सेट होगा।



### प्राइमर का इस्तेमाल करें

जब भी मेकअप लगाएं तो पहले प्राइमर जरूर लगाएं। इसे लगाने से त्वचा की सतह स्मूथ होती है, जिससे मेकअप ज्यादा समय तक टिकता है। कंसीलर और फाउंडेशन सही

### तरीके से लगाएं

फाउंडेशन और कंसीलर का इस्तेमाल हल्के हाथों से करें। ब्लेंडिंग बहुत ही अच्छे से करें, ताकि मेकअप नेचुरल लगे और केकी न लगे। इसके लिए स्पॉन्ज या ब्रश का इस्तेमाल करें। यदि आप गलत तरह से मेकअप करेंगी तो लुक बिगड़ जाएगा।

## एथनिक आउटफिट के साथ खूब जचेगी ऐसे

वैसे तो बाजार में हर तरह की ज्वेलरी आजकल मिल जाती है लेकिन फिर भी बहुत सी महिलाएं संशय में रहती हैं कि ट्रेंड के हिसाब से वो क्या खरीदें और क्या पहनें। ऐसे में आपको ट्रेंडी नेकपीस और अन्य ज्वेलरी के बारे में जरूर जानना चाहिए, ताकि आप उसे खरीद कर अपना स्टाइलिश लुक दिखा सकें।


### टेंपल ज्वेलरी

आजकल महिलाओं को इस तरह की टेंपल ज्वेलरी काफी पसंद आ रही है। अगर आप सिर्फ एक ही इस तरह का हार पहनेंगी तो आपका लुक सबसे रॉयल दिखेगा। ऐसी ज्वेलरी सिल्क फैब्रिक की साड़ी के साथ कमाल का लगता है। इसके साथ ईयररिंग्स भी मैचिंग के ही पहनें।

### पारंपरिक गोल्ड ज्वेलरी

यदि आपके पास सोने की ज्वेलरी इस तरह की है, तो पूजा के समय उसे ही पहनें। ऐसी गोल्ड ज्वेलरी हर आउटफिट के साथ अच्छी लगती है। खासतौर पर यदि अगर आप नई दुल्हन हैं, तब तो आप पर ऐसी ही ज्वेलरी अच्छी दिखेगी।

### झुमके और अंगूठी



अगर मिनिमल ज्वेलरी पहनना पसंद है तो इस तरह के मैचिंग ईयररिंग्स पहनें। मैचिंग ईयररिंग के साथ हाथ में कड़े और अंगूठी भी पहनें, ताकि आपका लुक प्यारा दिखे। इस ज्वेलरी के साथ आपको गले में कुछ पहनने की जरूर नहीं पड़ेगी।

### हैवी ईयररिंग्स

आजकल इस तरह के ईयररिंग्स महिलाओं को काफी पसंद आते हैं। नग जड़े ऐसे ईयररिंग्स आपके सिंपल लुक को खूबसूरत बनाने का काम करेंगे। इसके साथ भी आपको अपना मेकअप हल्का रखना है और गले में भी कुछ नहीं पहनना है।

कार्नर न्यूज

### अमिताभ बच्चन ने 4 दशक पहले शुरू किया था यह फैशन ट्रेंड

## लंबी शर्ट हो तो इसे पहनने के नए-नए तरीके अपनाइए, स्टाइल के साथ निखरेगी शख्सियत

बॉलीवुड एक्टर्स के फैशन ट्रेंड आज से नहीं लंबे समय से हमें इंस्पायर करते आ रहे हैं। इसलिए, जब बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन 70 के दशक में एक बार लंबी शर्ट को अलग तरीके से पहने दिखे, तो फैंस ने उस लुक को अपना लिया।

उसके बाद शर्ट को नीचे से बांधकर पहनने का ट्रेंड चालू हो गया। यह लुक 45 साल पुराना है। मगर इस बात को बहुत कम लोग जानते हैं। अमिताभ ने इससे जुड़े राज अब खोल दिए हैं। आखिर उन्होंने क्यों इस तरह से शर्ट पहनी और फिर कैसे यह एक पसंदीदा फैशन ट्रेंड बन गया। आज हम यहां पर लंबी शर्ट को पहनने के अन्य तरीकों के बारे में जानेंगे। क्योंकि कई लोगों को लंबी शर्ट पहनने की चाह होती है। किंतु एक ही तरीके से पहनते हैं। चलिए अब हम लॉन्ग शर्ट को पहनने के टिप्स के बारे में जानते हैं-

### 'नॉटेड शर्ट' लुक

जिस तरह फिल्म 'दीवार' में अमिताभ बच्चन ने लॉन्ग शर्ट को पहना था, इसी को 'नॉटेड शर्ट' लुक कह सकते हैं। इस फैशन ट्रेंड की कहानी काफी दिलचस्प है। अमिताभ बच्चन ने 'दीवार' से अपने 'नॉटेड शर्ट' लुक का फोटो शेयर कर लिखा है कि वे भी क्या दिन हुआ करते थे... और गांठ वाली शर्ट। इसकी अपनी कहानी है। शूट का पहला दिन था। शॉट रेडी, कैमरा रोल होने के लिए तैयार था और तभी पता चला कि शर्ट काफी लंबी है, घुटनों के नीचे तक। दूसरी शर्ट या एक्टर को रिप्लेस करने का इंतजार निर्देशक नहीं कर सकते थे, इसलिए गांठ बांध कर शर्ट पहननी पड़ी थी। अगर आप ओल्ड फैशन को फिर से फॉलो करना चाहते हैं तो लॉन्ग शर्ट को इस तरह से पहनें। 'नॉटेड शर्ट' लुक दोस्तों के साथ ट्रिप पर जाते वक्त अपनाएं। इसके अलावा, अपनी पसंद के अनुसार भी इस तरह से शर्ट को पहन सकते हैं।



### लंबे शर्ट की लेयरिंग

कैजुअल लुक के लिए लंबे शर्ट की लेयरिंग सही हो सकती है। अगर आप लंबी शर्ट को पहनकर फैशनेबल दिखना चाहते हैं तो लेयरिंग करें। लंबे शर्ट की लेयरिंग करना सही होगा। हालांकि आज के दौर में लड़के इस तरह के लुक को अपनाते हैं। मगर कई बार हम देखते हैं कि कई लड़के शॉर्ट शर्ट के साथ लेयरिंग करते हैं। इस कारण उनका लुक उतना परफेक्ट नहीं दिखता है। इसलिए कभी भी टी-शर्ट के साथ शर्ट की लेयरिंग करने के लिए लंबाई का ध्यान रखें। मगर कभी भी लेयरिंग के लिए फॉर्मल शर्ट न चुनें। हमेशा कैजुअल शर्ट या डेनिम शर्ट की लेयरिंग करें।

